प्रयागराज, कानपुर, रायबरेली, कौशाम्बी, इटावा, फिरोजाबाद, कानपुर देहात, बांदा, औरैया, उन्नाव, वाराणसी, मिर्जापुर, हमीरपुर, जालौन एवं महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश मे प्रसारित

फतेहपुर संस्करण | फतेहपुर/लखनऊ से प्रकाशित | R.N.I : UPHIN/ 2011/44792

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक | केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त समाचार पत्र

# न्यूज़ वाणी

www.newswani.in



मायावती के " ब्राम्हण प्रेम" के हैं राजनीतिक मायने पेज- 2

दीवार ढहने से पिता पुत्र सहित राजमिस्त्री घायल पेज-6

वर्ष : 15 अंक : 54 | गुरुवार 12 फरवरी, 2026 | डाक पंजीयन संख्याः एफटीपी/एल/समाचार पत्र/2025–27/106 | पृष्ठ 06 मूल्य 1.00 रूपया

# राहुल गांधी ने यूएस डील पर खड़े किये सवाल

## कहा- व्यापार समझौते में सरकार ने देश को बेच दिया

(एजेंसी) नई दिल्ली। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने अमेरिका के साथ व्यापार समझौते को लेकर सवाल खड़े करते हुए कहा कि यह बराबरी की शर्त पर नहीं किया गया और सरकार को शर्म आनी चाहिए कि उसने भारत माता को बेच दिया है। उन्होंने केंद्रीय बजट पर चर्चा में भाग लेते हुए दावा किया कि भारत–अमेरिका समझौते में देश के किसानों के हितों को कुचल दिया गया, जैसा आज से पहले किसी प्रधानमंत्री ने नहीं किया और आगे भी कोई नहीं करेगा। कांग्रेस नेता ने कहा कि बजट के समानानांतर अमेरिका के साथ व्यापार समझौता हुआ है। राहुल गांधी ने कहा, अमेरिका और चीन के बीच मुकाबले में सबसे महत्वपूर्ण बात भारत का डेटा है। अगर अमेरिका महाशक्ति बने रहना चाहता है और डॉलर की रक्षा करना चाहता है तो अमेरिकियों के लिए भारत का



डेटा बहुत महत्वपूर्ण है। कांग्रेस नेता ने कहा, कुछ लोग कहते हैं कि जनसंख्या त्रासदी है, लेकिन मैं कहता हूं कि यह ताकत है।श्श राहुल गांधी ने कहा कि अगर विपक्षी इंडिया गठबंधन की सरकार होती और व्यापार समझौते की बात करती तो हम अमेरिका के राष्ट्रपति से कहते कि आप के डॉलर की सुरक्षा करने की सबसे बड़ी पूंजी भारतीय लोगों के पास है। उन्होंने कहा, हम बराबरी पर बात करते। हम कहते कि आप ऐसे बात नहीं कर सकते कि हम आपके नौकर हैं। हम अमेरिकी राष्ट्रपति से यह भी कहते कि हम अपने ईंधन की रक्षा करने जा रहे हैं। हम यह भी कहते हैं कि आप अपने किसानों की रक्षा करेंगे, लेकिन हम भी अपने किसानों की रक्षा करेंगे। कांग्रेस नेता ने कहा कि भारत को पाकिस्तान के बराबर नहीं खड़ा किया जा सकता। उन्होंने कहा कि भारतीय उत्पादों पर अमेरिका में शुल्क पहले तीन प्रतिशत के आसपास था, जो अब 18 प्रतिशत हो गया है यानी छह गुना बढ़ोतरी हो गई है। राहुल गांधी ने कहा, वहीं, अमेरिकी उत्पादों पर शुल्क 16 प्रतिशत से शून्य कर दिया गया। उन्होंने दावा किया कि अब यह होगा कि अमेरिका तय करेगा कि हम तेल किससे खरीदेंगे और भारत के प्रधानमंत्री मोदी फैसला नहीं करेंगे। उन्होंने दावा किया, हमारे किसान तूफान का सामना कर रहे हैं...आपने हमारे किसानों को कुचले जाने का रास्ता खोला है। आपसे पहले किसी प्रधानमंत्री ने ऐसा नहीं किया और आगे भी कोई प्रधानमंत्री नहीं करेगा। उन्होंने आरोप लगाया कि इस समझौते में भारत को बेच दिया गया, मां (मदर) को बेच दिया गया, भारत माता को बेच दिया गया, जिस पर सरकार को शर्म आनी चाहिए। नेता प्रतिपक्ष ने यह भी कहा कि हमें अपने लोगों, डेटा, खाद्य आपूर्ति और ऊर्जा तंत्र की सुरक्षा करनी होगी। उन्होंने कहा कि बजट में इस बात को माना गया है कि ऊर्जा और वित्त को दुनियाभर में हथियार बनाया जा रहा है, लेकिन इस बारे में बजट में किसी कदम का उल्लेख नहीं है।

# द्रमुक ने सहयोगी दलों से बातचीत के लिए सीट-बंटवारा समिति गठित करने की घोषणा की

(एजेंसी) चेन्नई। तमिलनाडु में आगामी विधानसभा चुनावों के लिए सीट–बंटवारे की बातचीत शुरू करने में देरी को लेकर अपने प्रमुख सहयोगी दल कांग्रेस द्वारा चिंता जताए के बाद



सत्तारूढ़ द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) ने घोषणा की है कि 22 फरवरी से बातचीत शुरू करने के लिए एक समिति गठित की जाएगी। पार्टी ने कहा कि यह समिति द्रमुक अध्यक्ष और मुख्यमंत्री एम. के. स्टालिन द्वारा जल्द ही गठित की जाएगी। द्रमुक के प्रदेश मुख्यालय अन्ना अरिवालयम से जारी एक विज्ञप्ति में कहा गया, पार्टी अध्यक्ष द्वारा द्रमुक निर्वाचन क्षेत्र सीट–बंटवारा समिति शीघ्र गठित की जाएगी। यह समिति विधानसभा सत्र समाप्त होने के बाद 22 फरवरी से सहयोगी दलों के साथ बातचीत करेगी। यह घोषणा मंगलवार देर रात ऐसे समय में की गई जब कांग्रेस ने कहा कि उसने द्रमुक के साथ बातचीत शुरू कर दी थी, लेकिन द्रमुक की ओर से वार्ता शुरू करने के लिए कोई कदम नहीं उठाया गया। तमिलनाडु और पुडुचेरी के लिए अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) प्रभारी गिरीश चोडणकर ने मंगलवार को द्रमुक द्वारा सीट–बंटवारा समिति गठित करने में देरी पर चिंता जताई थी। चोडणकर ने दिसंबर 2025 की शुरुआत में स्टालिन से मुलाकात करने वाली अपनी पांच सदस्यीय समिति का उल्लेख करते हुए कहा था कि उन्होंने स्टालिन से मुलाकात कर पार्टी की ओर से बातचीत शुरू की थी, लेकिन द्रमुक ने चर्चा शुरू करने के लिए अब तक अपनी समिति नहीं बनाई है। चोडणकर ने राष्ट्रीय राजधानी में पत्रकारों से कहा, हम तब से इंतजार कर रहे हैं, यह उम्मीद करते हुए कि वे तुरंत बातचीत शुरू करेंगे और सीटों की संख्या तथा किन निर्वाचन क्षेत्रों में हम चुनाव लड़ेंगे, यह स्पष्ट करेंगे ताकि हम चुनावों के लिए पूरी तैयारी कर सकें। तमिलनाडु कांग्रेस कमेटी (टीएनसीसी) अध्यक्ष के. सेल्वापेरुंथगई ने भी शीघ्र बातचीत के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा, हमारी ओर से कोई भ्रम नहीं है। द्रमुक ने सीट–बंटवारा समिति नहीं बनाई है। हमने अपने नेताओं से कहा कि अंतिम समय में सीटों की संख्या तय करना और निर्वाचन क्षेत्रों की पहचान करना चुनावी तैयारियों को प्रभावित करेगा। वहीं, द्रमुक ने कहा कि उसके कार्यकर्ता आगामी विधानसभा चुनावों से जुड़े काम में व्यस्त हैं। पार्टी ने बताया कि मतदाता सूची के संशोधन की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। पार्टी के जिला सचिव, सांसद, विधायक, अन्य पदाधिकारी और मतदान एजेंट पिछले कुछ हफ्तों से मतदाता सूची संशोधन प्रक्रिया के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं। उसने बताया कि चुनावी घोषणापत्र तैयार करने के लिए भी एक समिति गठित की गई है, जो तमिलनाडु का दौरा कर लोगों की जरूरतों और अपेक्षाओं को समझ रही है। बयान में इन परिस्थितियों को स्पष्ट करते हुए सीट–बंटवारा समिति गठित करने की घोषणा की गयी है।

## थाईलैंड में मचा खूनी तांडव, पूर्व पुलिसकर्मी ने डे-केयर सेंटर में मचाया कत्लेआम, 3 लोग हुए घायल

(एजेंसी) बैंकाक। थाईलैंड के सोंगख्ला प्रांत में बुधवार को एक स्कूल में घुसे बंदूकधारी ने फायरिंग कर दी, जिससे कम से कम तीन लोग घायल हो गए। घटना के बाद इलाके में अफरा–तफरी मच गई। फिलहाल सामने आई जानकारी के अनुसार आरोपी ने स्कूल में प्रवेश कर कुछ छात्रों और शिक्षकों को बंधक बनाया। हालांकि, पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए संदिग्ध को हिरासत में लिया है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि स्थिति अब नियंत्रण में है और वर्तमान में किसी के बंधक होने की सूचना नहीं है। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना की जांच जारी है और सुरक्षा एजेंसियां हमले के पीछे की मंशा का पता लगाने में जुटी हैं।

# जम्मू कश्मीर के सीएम उमर अब्दुल्ला ने विधानसभा में अपनी टिप्पणियों पर जताया खेद, रिकॉर्ड से हटाने पर भी नहीं कोई आपत्ति

(एजेंसी) जम्मू। जम्मू कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने विधानसभा की कार्यवाही के दौरान की गई टिप्पणियों पर बुधवार को खेद व्यक्त करते हुए कहा कि ये बयान आवेश में दिए गए थे और अगर इन्हें रिकॉर्ड से हटा दिया जाता है तो उन्हें कोई आपत्ति नहीं है। अब्दुल्ला ने कहा, मैं इसे अध्यक्ष पर छोड़ता हूं। यदि मैंने कल अपने भाषण में किसी असंसदीय शब्द का प्रयोग किया है, तो उसे रिकॉर्ड से हटाया जा सकता है। मुझे कोई आपत्ति नहीं है। असंसदीय टिप्पणियों के लिए मुख्यमंत्री अब्दुल्ला से माफी मांगे जाने की मांग की और प्रश्नकाल के दौरान विरोध में सदन से बाहर चले गए। अब्दुल्ला ने सदन में कहा, जहां तक इस मामले का संबंध है, कभी– कभी भावनाओं में बहकर बातें कह दी जाती हैं। मेरी बातों से उन्हें दुख पहुंचा और मुझे इसका अफसोस है। हालांकि, मैंने जो कुछ भी कहा, वह उनके बारे में थाय मैंने उनके परिवार के किसी भी सदस्य को इसमें शामिल नहीं किया। उनके फील्ड कमांडरों ने जाते समय मेरे माता–पिता और मेरे दिवंगत दादाजी को इसमें घसीट लिया लेकिन मैं इसे भी जाने देता हूं। मुख्यमंत्री के बयान से पहले भाजपा विधायक शाम लाल शर्मा ने कहा कि उनका मानना है कि (उनकी पार्टी के विधायकों द्वारा) कोई भी गंभीर टिप्पणी नहीं की गयी थी और उन्होंने कहा कि हो सकता है कि जबान फिसल गयी हो। मुख्यमंत्री अब्दुल्ला ने कहा कि उनके सभी दलों के विधायकों के साथ सौहार्दपूर्ण संबंध हैं और वह पिछले डेढ़ साल से सभी विधायकों से बातचीत कर रहे हैं। उन्होंने कहा, अगर मुझे पहले बोलने का मौका दिया गया होता,



तो मैं स्पष्टीकरण देता और अपनी टिप्पणी वापस ले लेता लेकिन उस समय मुझे ऐसा करने का अवसर नहीं दिया गया। मुख्यमंत्री के रूप में अपनी जिम्मेदारी को दोहराते हुए अब्दुल्ला ने कहा कि वह सभी क्षेत्रों के मतदाताओं का प्रतिनिधित्व करते हैं और उन्होंने विपक्ष द्वारा उठाए गए सवालों का जवाब दिया है लेकिन उनमें से कुछ का जवाब देना मुश्किल था। उन्होंने आगाह किया कि सदन में व्यवधान से शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक कल्याण सहित प्रमुख विभागों से संबंधित अनुदानों के पारित होने में बाधा आ सकती है। उन्होंने कहा कि वह किसी भी निर्वाचन क्षेत्र के मतदाताओं को उपेक्षित महसूस नहीं कराना चाहते।

# ड्यूटी टाइम नियमों पर सख्ती

## रोस्टरिंग और निगरानी सिस्टम मजबूत करने में जुटी इंडिगो

(एजेंसी) नई दिल्ली। इंडिगो ने विमानन नियामक डीजीसीए को बताया है कि संशोधित पायलट ड्यूटी मानकों का पूरी तरह पालन सुनिश्चित करने के लिए सभी आवश्यक परिचालन, रोस्टरिंग और निगरानी व्यवस्थाएं की जा रही हैं। विमान कंपनी इंडिगो को दिसंबर में बड़े पैमाने पर परिचालन संबंधी व्यवधान के बाद नियामकीय कार्रवाई का सामना करना पड़ा था। विमानन कंपनी को नए उड़ान ड्यूटी समय सीमा (एफडीटीएल) मानकों पर मिली अस्थायी छूट मंगलवार को समाप्त होने के बाद, नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने बुधवार को बयान जारी कर कंपनी की ओर से दी गई प्रगति रिपोर्ट एवं आश्वासन की जानकारी दी। इंडिगो में परिचालन का अत्यधिक अनुकूलन, अपर्याप्त नियामक तैयारी, सिस्टम सॉफ्टवेयर समर्थन में कमियां एवं प्रबंधन संरचना और परिचालन नियंत्रण में खामियां उन प्रमुख कारणों में से थीं जिनके कारण व्यवधान उत्पन्न हुए, जिसके बाद डीजीसीए ने विमानन की शीतकालीन निर्धारित उड़ानों में 10 प्रतिशत की कटौती भी की थी। इंडिगो के तीन से पांच दिसंबर के बीच 2,507 उड़ानें रद्द किए जाने की पृष्ठभूमि में, डीजीसीए ने संशोधित एफडीटीएल मानकों के क्रियान्वयन में कुछ ढील देने के लिए विमानन कंपनी के अनुरोध को 10 फरवरी तक का समय दिया था। डीजीसीए की ओर से बुधवार को जारी बयान के अनुसार, इंडिगो ने बताया है कि दिया गया समय समाप्त होने के बाद वह वैधानिक प्रावधानों के पालन और नौ अक्टूबर 2025 को स्वीकृत एफडीटीएल योजना को लागू करने के लिए पूरी तरह तैयार है। विमानन कंपनी ने कहा कि 11 फरवरी 2026 से स्वीकृत एफडीटीएल योजना के पूर्ण अनुपालन के लिए सभी जरूरी परिचालन, रोस्टरिंग और निगरानी व्यवस्थाएं लागू की जा रही हैं। एफडीटीएल से जुड़ी छूट पायलट की रात्रिकालीन ड्यूटी अवधि और रात में विमान उतारने (लैंडिंग) से संबंधित थी। डीजीसीए ने कहा कि उड़ान संचालन को स्थिर करने के लिए दी गई दोनों छूटें निर्धारित शर्तों, प्रति घंटे उड़ान संचालन आंकड़े जमा करने तथा साप्ताहिक पाक्षिक परिचालन प्रदर्शन रिपोर्ट सौंपने के अधीन थीं। इंडिगो की घरेलू बाजार हिस्सेदारी दिसंबर में घटकर 59.6 प्रतिशत रह गई थी, जो नवंबर में 63.6 प्रतिशत थी तब वह प्रतिदिन करीब 2,200 उड़ानों का संचालन करती थी। बयान में डीजीसीए ने कहा कि छूट की अवधि के दौरान इंडिगो के उड़ान संचालन की नियमित समीक्षा बैठकों के माध्यम से करीबी निगरानी की गई तथा यात्रियों की सुविधा सुनिश्चित करने के लिए नियामक अधिकारियों को



विभिन्न हवाई अड्डों पर तैनात किया गया। इसके अलावा, उड़ान संचालन निरीक्षकों को वास्तविक समय निगरानी के लिए इंडिगो के संचालन नियंत्रण केंद्र में तैनात किया गया जिससे छूट अवधि के दौरान निरंतर नियामकीय निगरानी बनी रही। डीजीसीए ने 20 जनवरी को कहा था कि निरंतर नियामकीय निगरानी और सुधारात्मक कदमों से इंडिगो का परिचालन स्थिर हुआ है और अब इंडिगो के पास नए उड़ान ड्यूटी मानकों के पालन के लिए पर्याप्त संख्या में पायलट उपलब्ध हैं। इंडिगो की ओर से प्रस्तुत जानकारी का हवाला देते हुए नियामक ने बताया था कि आवश्यक 2,280 की तुलना में 2,400 कमांड पायलट उपलब्ध हैं जबकि प्रथम अधिकारियों की संख्या 2,050 की जरूरत के मुकाबले 2,240 है। गलवार को इंडिगो के प्रवक्ता ने कहा कि पहले दिए गए आश्वासन के अनुसार कंपनी के पास अपने नेटवर्क में स्थिर परिचालन सुनिश्चित करने के लिए पायलट सहित पर्याप्त संख्या में कर्मचारी हैं। डीजीसीए ने दिसंबर में हुए व्यापक व्यवधान के बाद विमानन कंपनी की शीतकालीन सेवाओं में 10 प्रतिशत कटौती की थी। जांच के बाद कुल 22.20 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया गया था। साथ ही निर्देशों के अनुपालन और दीर्घकालिक प्रणालीगत सुधार सुनिश्चित करने के लिए 50 करोड़ रुपये की बैंक गारंटी जमा कराने को कहा गया था। इसके अलावा, नियामक ने निगरानी, योजना एवं संशोधित एफडीटीएल मानकों के क्रियान्वयन में कमियों को लेकर इंडिगो के वरिष्ठ प्रबंधन को आगाह किया था। नियामक ने संबंधित वरिष्ठ उपाध्यक्ष को परिचालन जिम्मेदारियों से हटाने का निर्देश दिया और आगे की कार्रवाई करते हुए अनुपालन रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा था।

# किरेन रिजिजू का कांग्रेस पर गंभीर आरोप

## -स्पीकर के कक्ष में गाली-गलौज का दावा

(एजेंसी) नई दिल्ली लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के खिलाफ कांग्रेस द्वारा लाए गए अविश्वास प्रस्ताव के बीच संसद परिसर का राजनीतिक माहौल गर्म हो गया है। केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कांग्रेस



पर गंभीर आरोप लगाते हुए दावा किया है कि उसके कई सांसद स्पीकर के कक्ष में पहुंचे और वहां उनके साथ गाली–गलौज की। रिजिजू के अनुसार, इस घटना से लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला "गहरे आहत" हैं। पत्रकारों से बातचीत में रिजिजू ने कहा कि उन्होंने स्वयं इस मामले पर स्पीकर से चर्चा की है और पूरी जानकारी ली है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस के 20 से 25 सांसद स्पीकर के कक्ष में गए और वहां अनुचित व्यवहार किया। केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि यह घटना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है और संसदीय मर्यादाओं के विपरीत है। उनके मुताबिक, करीब 20–25 कांग्रेस सांसद स्पीकर के कक्ष में पहुंचे और वहां उन्होंने लोकसभा अध्यक्ष के साथ अपमानजनक भाषा का इस्तेमाल किया। रिजिजू ने यह भी दावा किया कि उस समय कांग्रेस की वरिष्ठ नेता प्रियंका गांधी और केसी वेणुगोपाल भी वहां मौजूद थे। उन्होंने आरोप लगाया कि इन नेताओं ने अपने सांसदों को शांत कराने के बजाय उन्हें और उकसाया। हालांकि, कांग्रेस की ओर से इन आरोपों पर तत्काल कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। रिजिजू ने कहा कि संसद में मतभेद और विरोध लोकतांत्रिक प्रक्रिया का हिस्सा हैं, लेकिन व्यक्तिगत स्तर पर अपमानजनक व्यवहार स्वीकार्य नहीं है। उन्होंने इसे "लोकतांत्रिक संस्थाओं का अनादर" बताया। इस पूरे घटनाक्रम की पृष्ठभूमि में सदन के भीतर बोलने के अधिकार को लेकर विवाद भी सामने आया है। रिजिजू ने कहा कि स्पीकर द्वारा एक निर्णय दिए जाने के बावजूद उसका पालन नहीं किया गया। उनके अनुसार, राहुल गांधी ने कथित तौर पर कहा कि उन्हें बोलने के लिए किसी की अनुमति की आवश्यकता नहीं है और वे अपनी इच्छा से बोलेंगे। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए रिजिजू ने कहा कि संसद की कार्यवाही स्पष्ट नियमों के तहत चलती है और बिना अध्यक्ष की अनुमति कोई भी सदस्य सदन में नहीं बोल सकता। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि "यहां तक कि प्रधानमंत्री भी तभी बोलते हैं जब अध्यक्ष अनुमति देते हैं।" रिजिजू के अनुसार, नियमों का पालन सभी सदस्यों के लिए अनिवार्य है, चाहे वह सत्तापक्ष का हो या विपक्ष का। उन्होंने कहा कि स्पीकर का स्वभाव अत्यंत शांत और संयमित है, अन्यथा इस प्रकार की घटना पर सख्त कार्रवाई की जा सकती थी। विवाद के बीच कांग्रेस ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को हटाने के लिए अविश्वास प्रस्ताव का नोटिस दिया है। लोकसभा सचिवालय के सूत्रों के अनुसार, इस प्रस्ताव पर चर्चा बजट सत्र के दूसरे चरण के पहले दिन, यानी 9 मार्च को हो सकती है। सूत्रों का कहना है कि विपक्ष द्वारा दिए गए नोटिस में कुछ तकनीकी कमियां पाई गई हैं। बताया गया है कि प्रस्ताव में फरवरी 2025 की घटनाओं का चार बार उल्लेख किया गया है, जो नियमों के तहत आपत्ति का कारण बन सकता था। हालांकि, लोकसभा अध्यक्ष ने सचिवालय को निर्देश दिया है कि नोटिस में मौजूद कमियों को ठीक कराया जाए और प्रक्रिया को आगे बढ़ाया जाए। इससे संकेत मिलता है कि अध्यक्ष ने प्रक्रिया को बाधित करने के बजाय नियमानुसार आगे बढ़ाने का निर्णय लिया है। इस घटनाक्रम ने संसद की गरिमा और संसदीय परंपराओं को लेकर बहस छेड़ दी है। सत्तापक्ष का कहना है कि विपक्ष ने लोकतांत्रिक संस्थाओं का सम्मान नहीं किया, जबकि विपक्ष का दावा है कि उसे अपनी बात रखने का पर्याप्त अवसर नहीं दिया जा रहा। संसदीय लोकतंत्र में अध्यक्ष की भूमिका निष्पक्ष और संतुलित मानी जाती है। लोकसभा अध्यक्ष का दायित्व होता है कि वे सभी पक्षों को सुनें और सदन की कार्यवाही को सुचारु रूप से संचालित करें। ऐसे में अध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाया जाना अपने आप में एक बड़ा राजनीतिक कदम माना जा रहा है। 9 मार्च को प्रस्ताव पर संभावित चर्चा के दौरान सत्तापक्ष और विपक्ष के बीच तीखी बहस होने की संभावना है।

## रूसी ड्रोन हमले में पूरा यूक्रेनी परिवार तबाह, तीन मासूमों व पिता की गई जान, जिंदगी-मौत की जंग लड़ रही गर्भवती मां

(एजेंसी) कीव। यूक्रेन के उत्तर–पूर्वी खारकीव क्षेत्र में रूस द्वारा किए गए एक भीषण ड्रोन हमले ने एक पूरे परिवार को तबाह कर दिया। अधिकारियों के अनुसार, रात के समय एक रूसी ड्रोन ने बोहोदुखिव कस्बे में एक रिहायशी मकान को निशाना बनाया, जिसमें एक पिता और उसके तीन छोटे बच्चों की मौके पर ही मौत हो गई।खारकीव क्षेत्रीय अभियोजक कार्यालय ने बताया कि हमले में मकान पूरी तरह नष्ट हो गया और आग लग गई, जिससे परिवार के सभी सदस्य मलबे के नीचे दब गए। मृतकों में 34 वर्षीय पिता, दो साल के जुड़वां बेटे और उनकी एक साल की बेटी शामिल हैं। मलबे से जीवित निकाली गई मां की हालत बेहद गंभीर बताई जा रही है। वह 35 सप्ताह की गर्भवती हैं और उन्हें विस्फोट के कारण गंभीर चोटें, दिमागी आघात, जलने के घाव और सुनने की क्षमता में नुकसान हुआ है। यूक्रेनी अधिकारियों ने पुष्टि की है कि यह हमला ळमतंद–2 ड्रोन से किया गया, जो ईरानी शाहिद ड्रोन का रूसी संस्करण माना जाता है। यूक्रेन की वायुसेना के अनुसार, रूस ने बीती रात यूक्रेन पर कुल 129 लंबी दूरी के ड्रोन दागे। यह हमला ऐसे समय हुआ है जब रूस–यूक्रेन युद्ध लगभग चार साल पूरे करने वाला है और अमेरिका के नेतृत्व में शांति प्रयास जारी हैं। इधर, जवाबी कार्रवाई में यूक्रेनी ड्रोन हमले से रूस के वोल्गोग्राद शहर में एक औद्योगिक संयंत्र में आग लग गई। वोल्गोग्राद क्षेत्र के गवर्नर आंद्रेई बोचारोव ने बताया कि ड्रोन के टुकड़ों से एक अपार्टमेंट इमारत को भी नुकसान पहुंचा है। इसके अलावा, सुरक्षा कारणों से रूस के आठ हवाई अड्डों पर कुछ समय के लिए उड़ानें निलंबित करनी पड़ीं।

# सम्पादकीय

## "मामले का राजनीतिकरण ना करें"

बंगाल एसआईआर मामले में सुप्रीम कोर्ट ने अंतिम मतदाता सूची के प्रकाशन की तारीख एक हते बढ़ाने का फैसला सुनाया है। मैं नफीस जाफरी आपको यह बता दूं कि इससे पहले बंगाल एसआईआर सुनवाई के दौरान कोर्ट ने चुनाव आयोग, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, केंद्र सरकार की दलीलें सुनी। सुप्रीम कोर्ट ने कई तल्ख सवाल भी पूछे। चुनाव आयोग ने दलील दी कि उन्हें एसआईआर के लिए सक्षम अधिकारी नहीं मिले। वहीं, केंद्र सरकार ने कहा कि ऐसा संदेश जाना चाहिए कि संविधान सभी राज्यों पर समान रूप से लागू होता है। सीजेआई सूर्यकांत ने कहा कि पश्चिम बंगाल एसआईआर प्रक्रिया को आसान बनाने और जताई गई चिंताओं का ध्यान रखने के लिए हम निम्नलिखित अंतरिम निर्देश जारी करते हैं। गौरतलब है कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बीते दिनों बंगाल में चल रहे एसआईआर के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में पेश होकर खुद दलीलें दी। बतौर मुख्यमंत्री सर्वोच्च अदालत में दलीलें देने के कारण उनकी खूब चर्चा हुईं। लेकिन अब ममता बनर्जी के सुप्रीम कोर्ट में पेश होकर बहस करने के खिलाफ कोर्ट में याचिका दाखिल की गई है। अखिल भारत हिंदू महासभा के उपाध्यक्ष सतीश कुमार अग्रवाल ने यह याचिका दाखिल की थी। हालांकि सुप्रीम कोर्ट ने इस याचिका पर सुनवाई से इनकार करते हुए याचिकाकर्ता को फटकार लगाई है। सीजेआई सूर्य कांत ने याचिकाकर्ता से कहा मामले का राजनीतिकरण ना करें। इसमें अनसुनी क्या बात है? ये हमारे संविधान में आस्था और भरोसे को दिखाता है। सीजेआई ने दो-टूक कहा कि इस मामले में कोई ऐसी अनसुनी बात नहीं कि कोर्ट को दखल देना पड़े। यह हमारे संविधान में भरोसे को दिखाता है।


नफीस जाफरी

मालूम हो कि पश्चिम बंगाल के एसआईआर (स्पेशल इंटेंसिव रिविजन) मामले में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की सुप्रीम कोर्ट में व्यक्तिगत उपस्थिति को चुनौती देते हुए एक हस्तक्षेप आवेदन दायर किया गया था। पिछले सप्ताह ममता बनर्जी सुप्रीम कोर्ट में पेश हुई थीं और एसआईआर प्रक्रिया को चुनौती देने वाली अपनी याचिका पर दलीलें दी थीं। उनके कोर्ट में दलीलें देने पर अखिल भारत हिंदू महासभा के उपाध्यक्ष सतीश कुमार अग्रवाल ने याचिका दाखिल करते हुए इसे अनुचित बताया था। अर्जी में कहा गया है कि अनुच्छेद 32 के तहत दायर कार्यवाही में किसी पदासीन मुख्यमंत्री का व्यक्तिगत रूप से पेश होना संवैधानिक रूप से अनुचित, संस्थागत रूप से अवांछनीय और कानूनी रूप से अस्थिर है। याचिकाकर्ता के अनुसार, एसआईआर से जुड़े मुद्दे व्यक्तिगत विवाद नहीं बल्कि राज्य शासन और चुनाव आयोग की संवैधानिक शक्तियों से संबंधित हैं इसलिए मुख्यमंत्री व्यक्तिगत क्षमता में पेश होने का दावा नहीं कर सकतीं। आवेदन में कहा गया है कि राज्य पहले से ही नियुक्त वरिष्ठ वकीलों के माध्यम से प्रतिनिधित्व कर रहा है, ऐसे में मुख्यमंत्री की व्यक्तिगत उपस्थिति न्यायिक परंपराओं और स्थापित प्रथा के विपरीत है। उच्च संवैधानिक पदों पर आसीन व्यक्तियों से अपेक्षा की जाती है कि वे मामलों को वकीलों के जरिए आगे बढ़ाएं, ताकि संवैधानिक अदालतों की गरिमा, निष्पक्षता और स्वतंत्रता बनी रहे। अर्जी में यह भी कहा गया है कि किसी पदासीन मुख्यमंत्री की व्यक्तिगत उपस्थिति से प्रतीकात्मक दबाव या संस्थागत असंतुलन की आशंका पैदा हो सकती है, जो शक्तियों के पृथक्करण के सिद्धांत को प्रभावित करती है। साथ ही, याचिका के सुनवाई योग्य होने पर भी सवाल उठाते हुए कहा गया है कि मुख्यमंत्री बिना अपने मौलिक अधिकारों के उल्लंघन के अनुच्छेद 32 के तहत चुनाव आयोग के खिलाफ याचिका दायर नहीं कर सकतीं। आवेदन में पश्चिम बंगाल में एसआईआर की आवश्यकता का भी उल्लेख किया गया है। वहीं दूसरी ओर इससे पहले इससे पहले सुप्रीम कोर्ट ने बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के पेश होने और बहस को रिकॉर्ड पर लिया। चार फरवरी को ममता बनर्जी सुप्रीम कोर्ट में पेश हुई थी। सीजेआई सूर्य कांत ने फैसला लिखाते हुए कहा- 4 फरवरी को ममता बनर्जी अपने वकीलों के साथ अदालत में पेश हुईं। चुनाव आयोग द्वारा माइक्रो ऑब्जर्वर की तैनाती पर आपत्ति जताई गई थी। आयोग ने कहा कि बार-बार अनुरोध के बावजूद राज्य सरकार ने पर्याप्त जनशक्ति उपलब्ध नहीं कराई।

# मायावती के "ब्राम्हण प्रेम" के हैं राजनीतिक मायने


गुलफिशा खान

वैसे तो उत्तर प्रदेश के विधानसभा चुनाव अगले साल यानी 2027 में होने हैं। लेकिन इस प्रस्तावित विधानसभा चुनावों को लेकर गाहे-बगाहे उत्तर प्रदेश की राजनीति अभी से ही सर्दी के इस मौसम में गर्म होने लगी है। और देखने वाली बात यह है कि बीएसपी प्रमुख मायावती ने अचानक ही अपनी राजनीतिक सक्रियता को तेज कर राजनीति में रूचि रखने वालों को चौकाने का काम किया है। विदित हो कि उत्तर प्रदेश में मायावती और उनकी पार्टी बीएसपी का जनाधार भले ही घटता जा रहा हो, लेकिन फिर भी उनकी नजर 2027 के विधानसभा चुनाव पर है। मायावती एक बार फिर यूपी की सत्ता में अपना सिक्का जमाने की तैयारी कर रही हैं। वह अपना खोया हुआ जनाधार वापस पाकर यूपी की सत्ता पर काबिज होना चाहती हैं यही वजह है कि मायावती ने पार्टी कार्यकर्ताओं से कहा कि बसपा का लक्ष्य मिशन-2007 की तर्ज पर मिशन-2027 को साकार करना है। उनका मकसद था उत्तर प्रदेश विधानसभा आमचुनाव की तैयारियों को निर्णायक गति देना। इसी को देखते हुए मायावती ने बीते दिनों पार्टी की प्रदेश स्तरीय अहम बैठक कर मिशन-2027 की रणनीति स्पष्ट की। बैठक में प्रदेश, मंडल, जिला और विधानसभा स्तर के सभी पदाधिकारियों के साथ चुनावी तैयारियों, संगठनात्मक मजबूती और जमीनी कार्ययोजना पर गहन विचार-विमर्श किया गया। इस दौरान मायावती ने कहा कि बसपा का लक्ष्य मिशन-2007 की तर्ज पर मिशन-2027 को साकार करना है, ताकि उत्तर प्रदेश में फिर से सर्वजन हिताय व सर्वजन सुखाय की नीति पर आधारित पूर्ण बहुमत की सरकार बने और जनता को कानून द्वारा कानून का राज का वास्तविक लाभ मिल सके। मायावती ने मौजूदा भाजपा सरकार की नीतियों और कार्यप्रणाली पर तीखा हमला करते हुए कहा कि



कुछ गिने-चुने लोगों को छोड़कर समाज का लगभग हर वर्ग सरकार से दुखी और त्रस्त है। उन्होंने विशेष रूप से ब्राह्मण समाज की स्थिति का उल्लेख करते हुए कहा कि उपेक्षा, असुरक्षा और असम्मान के खिलाफ उसकी नाराजगी अब राष्ट्रीय स्तर पर चर्चा का विषय बन चुकी है। उन्होंने सवाल उठाया कि क्या किसी अन्य दल या सरकार ने ब्राह्मण समाज को उतना सम्मान, पद और सुरक्षा दी है, जितनी बीएसपी सरकार में दी गई। उन्होंने दोहराया कि बसपा की नीति हमेशा सर्वसमाज को साथ लेकर चलने की रही है। कानून का राज सख्ती से लागू कर सभी धर्मों और वर्गों के लोगों की जान-माल और मजहब की सुरक्षा सुनिश्चित की गई, जिससे प्रदेश में सामाजिक सौहार्द और विकास का वातावरण बना। बसपा सुप्रीमो ने आरोप लगाया कि विरोधी दलों की राजनीति संकीर्ण, जातिवादी और पूंजीवादी सोच पर आधारित रही है, जिसका दुष्परिणाम जनता को बार-बार भुगतना पड़ा है। उन्होंने एससी, एसटी और ओबीसी आरक्षण से जुड़े मुद्दों पर भी सरकारों की नीयत पर सवाल उठाते हुए कहा कि आरक्षण विरोधी रवैये के कारण इन वर्गों को नौकरियों और पदोन्नति में लगातार कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही, यूजीसी नियमों को सामाजिक समरसता के बजाय सामाजिक तनाव बढ़ाने वाला कदम बताया। इस दौरान उन्होंने रोजगार की कमी, ठेका और आउटसोर्स व्यवस्था से बढ़ते शोषण, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं की गिरती गुणवत्ता तथा बुनियादी सुविधाओं की बदहाल स्थिति पर भी गंभीर चिंता जताई। एसआईआर के मुद्दे पर मायावती ने राज्य सरकार से अपील की कि अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए जाएं, ताकि गरीब, मजदूर, महिलाएं और अशिक्षित वर्ग वोटर सूची में नाम दर्ज कराने से वंचित न रह जाएं और उन्हें पूरी सहानुभूति के साथ सहयोग मिले। उन्होंने कहा कि पार्टी कार्यकर्ता विरोधी दलों के साम-दाम-दंड-भेद जैसे हथकंडों और पार्टी को कमजोर करने के षड्यंत्रों का मजबूती से मुकाबला कर रहे हैं, लेकिन चुनावी चुनौती को देखते हुए संगठनात्मक पुनर्संरचना आवश्यक थी। संसद के मौजूदा बजट सत्र को लेकर उन्होंने कहा कि सत्ता और विपक्ष के बीच लगातार टकराव के कारण सदन का कामकाज बाधित हो रहा है। जिससे जनहित से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर सार्थक चर्चा नहीं हो पा रही। संसद में प्रश्न-उत्तर और तथ्यात्मक बहस का पूरा अवसर मिलना चाहिए, ताकि जनता स्वयं सही-गलत का आकलन कर सके। उन्होंने यह भी कहा कि वर्तमान संसद सत्र में पक्ष और विपक्ष देश की जनता के हित के मुद्दों के बजाय एक-दूसरे को नीचा दिखाने में लगे हैं।

# टी 20 विश्वकप-पाकिस्तान को तो "यू टर्न" लेना ही था!


फरीद वारसी

टी20 विश्व कप में धमकी के बाद भारत से मैच खेलने पर उमर अब्दुल्ला ने पाकिस्तान की मौज ले ली है। मौज भी ऐसी-वैसी नहीं, बल्कि तगड़ी वाली। जाहिर है उमर अब्दुल्ला ने मैच के बहाने देशवासियों का दिल भी जीत लिया है। वहीं टीम इंडिया के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली ने भी पाकिस्तान की अच्छे से खिंचाई कर दी है। जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने पत्रकारों से कहा, "अब जब पाकिस्तान ने भारत के खिलाफ मैच खेलने का फैसला कर लिया है। तो मैं उनसे कहना चाहता हूं कि अगर आप अपने वादे पर कायम नहीं रह सकते तो धमकी न दें। उन्होंने भारत के खिलाफ मैच न खेलने की धमकी दी थी, लेकिन फिर वे डर गए और अपनी धमकी वापस ले ली।" उन्होंने कहा कि जो लोग अपनी धमकियों पर अमल करने की हिम्मत नहीं रखते, उन्हें ऐसी धमकियां देनी ही नहीं चाहिए। अब्दुल्ला ने कहा, "उन्हें चुपचाप मैदान में आकर मैच खेलना चाहिए, मैच में जो भी होगा देखा जाएगा।" गौरतलब है कि पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने टी20 विश्व कप 2026 में 15 फरवरी को भारत के साथ कोलंबो में होने वाले मैच में न खेलने के फैसले को वापस ले लिया है। पीसीबी के इस फैसले के साथ ही 15 फरवरी को एक बार फिर से भारत और पाकिस्तान के बीच रोमांचक टक्कर देखने को मिलेगी। पूर्व भारतीय कप्तान सौरव गांगुली ने इसे अच्छा फैसला बताया है। सौरव गांगुली ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा, पाकिस्तान ने भारत के खिलाफ मैच खेलने का फैसला लिया है। यह अच्छा फैसला है। खेल और राजनीति को हमेशा अलग रखना चाहिए। भारत और पाकिस्तान के बीच हमेशा अच्छा मुकाबला होता है। अगला मैच भी अच्छा होगा। भारतीय टीम बहुत अच्छी है। पिछले कुछ वर्षों में पाकिस्तान भारतीय टीम को टक्कर नहीं दे सकी है। इसलिए पाकिस्तान को अच्छा खेलना पड़ेगा। यहां यह बताते चलें कि भारत में सुरक्षा का हवाला देते हुए बांग्लादेश ने विश्व कप के मैच खेलने से इनकार किया था और विश्व कप से बाहर होने का फैसला किया था। आईसीसी ने बांग्लादेश की जगह स्कॉटलैंड को जगह दी थी। इसके बाद पाकिस्तान ने बांग्लादेश का साथ देते हुए भारत के खिलाफ मैच का बहिष्कार किया था। बीते रविवार को, दो सदस्यों वाले आईसीसी के प्रतिनिधिमंडल ने लाहौर के गद्दाफी स्टेडियम में पीसीबी अध्यक्ष मोहसिन नकवी और बीसीबी अध्यक्ष अमीनुल इस्लाम से मुलाकात की। इस बैठक में बांग्लादेश पर किसी भी तरह का एक्शन नहीं लेने का निर्णय किया गया और 2031 से पहले एक आईसीसी इवेंट की मेजबानी देने पर सहमति बनी। इसके बाद पाकिस्तान सरकार ने विश्व कप में भारत के मैच के बहिष्कार वाला फैसला वापस ले लिया। जैसा कि उल्लेखनीय है कि भारत और पाकिस्तान के बीच 15 फरवरी 2026 को खेले जाने वाले महा-मुकाबले को लेकर सस्पेंस खत्म हो चुका है। दोनों टीमें तय समयानुसार मैदान में उतरेंगी और मैच खेलेंगी।



जिसकी पुष्टि स्वयं पाकिस्तान गवर्नमेंट ने की है। पाकिस्तान सरकार ने पाकिस्तान क्रिकेट टीम को निर्देश दिया है कि वह 15 फरवरी 2026 को आईसीसी पुरुष टी20 वर्ल्ड कप में अपने निर्धारित मैच के लिए मैदान में तय समयानुसार उतरे। पीएम शहबाज शरीफ ने ग्रीन टीम को अपनी शुभकामनाएं भी दी हैं। पाकिस्तान सरकार ने यह भी कहा कि उन्होंने ग्लोबल क्रिकेट के लिए और श्रीलंका एवं बांग्लादेश का ख्याल रखते हुए भारत के साथ 15 फरवरी को मैच खेलने के लिए अपना मन बनाया है। पाकिस्तान गवर्नमेंट की तरफ से इस बयान के सामने आने के बाद कई दिनों से चल रही अटकलों पर विराम भी लग गया है कि दुनिया का सबसे महंगा क्रिकेट मैच जिसकी लागत कुछ रिपोर्टों के मुताबिक 4000 करोड़ रुपये के आस पास बताई जाती है, होगा या नहीं। पड़ोसी देश की तरफ से यह बयान पीसीबी, बीसीबी और आईसीसी की लाहौर में हुई बैठक के एक दिन बाद आया है। पाकिस्तान गवर्नमेंट की तरफ से कहा गया है, बहुपक्षीय बातचीत के नतीजों और दोस्त देशों के अनुरोध के बाद पाकिस्तान सरकार पाकिस्तान की राष्ट्रीय क्रिकेट टीम को निर्देश देती है कि वह 15 फरवरी 2026 को आईसीसी पुरुष टी20 वर्ल्ड कप का अपना निर्धारित मैच खेलने मैदान पर उतरे। यहीं नहीं आगे बताया गया है, यह फैसला क्रिकेट की भावना की रक्षा और सभी प्रतिभागी देशों में इस वैश्विक खेल की निरंतरता का समर्थन करने के मकसद से लिया गया है। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ को श्रीलंका से राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके का भी फोन आया था जिन्होंने उनसे बहिष्कार का फैसला वापिस लेने का अनुरोध किया था। इसमें कहा गया, श्रीलंका के राष्ट्रपति ने प्रधानमंत्री से मौजूदा गतिरोध को सौहार्दपूर्ण ढंग से हल करने के लिए गंभीरता से विचार करने का अनुरोध किया था। इससे पहले बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड के प्रमुख अमीनुल इस्लाम ने एक बयान जारी करते हुए खेल के भले के लिये पाकिस्तान से यह मैच खेलने का अनुरोध किया था। जिसके बाद ही स्पष्ट हो गया था कि पाकिस्तान यह मैच खेलने जा रहा है।

## जन समस्याओं का हल सांत्वना का भ्रम

सालाना बजट आज महज वित्तीय विवरण, कर दरों में हेरफेर, खर्च के लक्ष्यों की घोषणा और जहां-तहां कुछ प्रोत्साहनों के एलान का दस्तावेज भर रह गया है। बुनियादी आर्थिक समस्याओं के हल की बात उसके दायरे से बाहर हो चुकी है। कांग्रेस की राय में केंद्रीय बजट अर्थव्यवस्था की बुनियादी चुनौतियों से आंख मिलाने में नाकाम रहा। दरअसल, पूर्व वित्त मंत्री पी चिदंबरम ने तो यहां तक कहा कि वित्त मंत्री ने उन चुनौतियों को सिरे से नजरअंदाज कर दिया। मसलन, अमेरिकी टैरिफ से कारखाना उत्पादकों और निर्यातकों के सामने आई चुनौतियां, व्यापार घाटे, निम्न ग्रॉस फिक्स्ड कैपिटल फॉर्मेशन, एफडीआई की अनिश्चितता, राजकोषीय सेहत में सुधार की धीमी गति, महंगाई के सरकारी आंकड़ों एवं अनुभवजन्य स्थिति में फर्क, लाखों एमएसएमई इकाइयों के बंद होने, बेरोजगारी, और शहरी बुनियादी ढांचे में लगातार गिरावट पर निर्मला सीतारमन ने चुप्पी साध ली। ये आलोचना वाजिब है। यह हकीकत है कि आज सालाना बजट महज वित्तीय विवरण, कर दरों में हेरफेर, खर्च के लक्ष्यों की घोषणा और जहां-तहां कुछ प्रोत्साहनों के एलान का दस्तावेज भर रह गया है।मुक्त बाजार अर्थव्यवस्था जब असल में मोनोपॉली पूंजीवाद का रूप ले चुकी हो, तो बिना उस ढांचे को चुनौती दिए सरकारें अक्सर ढांचागत समस्याओं का हल निकालने में अक्षम हो जाती हैं। नतीजतन, बजट के जरिए शायद ही बाजार में मांग और निजी निवेश की स्थितियां बनाई जा सकती हैं। बिना ऐसा हुए ना तो रोजगार सृजन संभव है, और ना ही मानव विकास या रहन-सहन की बेहतर सूरत बनाना। देसी बाजार में प्रतिस्पर्धा नहीं नहीं होगी, तो भारतीय उत्पादों का अंतरराष्ट्रीय स्पर्धा में टिकने की बात महज एक खामख्याली ही है। बाकी जहां तक व्यापार घाटा, पर्याप्त मात्रा में एफडीआई ना आना या पोर्टफोलियो इन्वेस्टरों के भारत से पैसा निकालने, या रुपये की कीमत में गिरावट की बात है, तो वे जारी हालात के नतीजे हैं। यथार्थ तो यह है कि लगातार अपनी ताकत कॉरपोरेट सेक्टर को ट्रांसफर करती गई सरकार की अब ऐसे मसलों का हल ढूंढने की काबिलियत अब काफी हद तक क्षीण हो चुकी है। इस हाल में आबादी के कुछ समूहों को नकदी हस्तांतरण कर चुनावी लाभ की योजनाएं शुरू करने से आगे कुछ करने को वह सोच नहीं पाती। उन योजनाओं के जरिए जन समस्याओं का हल करने की सांत्वना का भ्रम वह पैदा करती है। इस बार भी वह इतना ही कर पाई।

# भाजपा में 'नबीन युग की शुरुआत

अजीत द्विवेदी

भारतीय जनता पार्टी के 12वें अध्यक्ष के रूप में नितिन नबीन की नियुक्ति हो गई है। भाजपा ने संगठन पर्व मना कर उनको अध्यक्ष के पद पर आसीन किया। पिछले महीने 14 दिसंबर को जब उनको कार्यकारी अध्यक्ष बनाया गया उस समय से यह चर्चा चल रही है भाजपा में ये श्नबीन युगश्च की शुरुआत है। यह एक वर्ड प्ले की तरह है। यहां नए अध्यक्ष के नाम के साथ एक नए युग की शुरुआत का संदेश देने का प्रयास किया जा रहा है। लेकिन सवाल है कि क्या भाजपा में सचमुच नए अध्यक्ष के साथ नए युग की शुरुआत होगी और दूसरा सवाल यह है कि क्या सचमुच भाजपा का जो अध्यक्ष होता है उसका कोई युग होता है? भाजपा के अब तक 11 अध्यक्ष हुए हैं लेकिन सबके कार्यकाल को उसके युग के तौर पर नहीं देखा जाता है। 45 साल पहले जब भाजपा बनी तब से मोटे तौर पर दो ही युग रहे। एक अटल-आडवाणी का युग था और अब मोदी-शाह का युग है। बाकी इनके बीच संक्रमण का काल रहा है। सो, भाजपा में यह मोदी-शाह के युग की ही निरंतरता है। हां, उसमें नितिन नबीन को अपने आप को साबित करना है। उनका कार्यकाल इस बात से साबित होगा कि वे आगे बढ़ कर कितनी चुनौतियां स्वीकार करते हैं और उसको पूरा करने में किस तरह की भूमिका निभाते हैं। निश्चत रूप से नए अध्यक्ष का चुनाव भाजपा के नए दौर की या नए युग की शुरुआत नहीं है, बल्कि मोदी-शाह युग की निरंतरता है। इसलिए संगठन का कामकाज पहले की तरह ही चलता रहेगा। फिर भी नितिन नबीन को राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाने का एक बड़ा संदेश आगे की राजनीति के लिए है। भाजपा ने दिखाया है कि वह आगे की राजनीति के लिए किसी तरह का प्रयोग करने का जोखिम उठाने को तैयार रहती है। यह मामूली फैसला नहीं था कि, जिस नेता के पास संगठन का सामान्य से ज्यादा कोई अनुभव न हो, जिसने पार्टी के राष्ट्रीय संगठन में कोई भूमिका नहीं निभाई हो और अपने राज्य में भी अपने चुनाव क्षेत्र से बाहर की राजनीति में बहुत सीमित काम किया हो उसको सीधे राष्ट्रीय अध्यक्ष बना दिया जाए। भाजपा ने यह किया तो इसका एक बड़ा संदेश भाजपा के नेताओं के लिए था तो साथ साथ राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के लिए भी था। याद करें कि पिछले तीन साल में राष्ट्रीय अध्यक्ष को लेकर कितने तरह के कयास लगाए जा रहे थे। जून 2024 में लोकसभा चुनाव में भाजपा की सीटें कम होकर 240 पर आने के बाद कैसे कहा जा रहा था कि अब राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ तय करेगा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष कौन होगा। संघ की पसंद के तौर पर भाजपा के कई दिग्गज नेताओं के नाम की चर्चा हो रही थी। मोदी और शाह की पसंद के तौर पर भी आधा दर्जन से ज्यादा नेताओं के नाम की चर्चा हो रही थी। लेकिन न तो जिनको संघ की पसंद बताया जा रहा था वे अध्यक्ष बने और न जो बड़े अनुभवी और संगठन से जुड़े नेता थे वे बने। तभी नितिन नबीन का अध्यक्ष बनना एक चुनौतीपूर्ण और जोखिम वाला फैसला भी है। नितिन नबीन से ज्यादा चुनौती मोदी और शाह की इसलिए है क्योंकि आगे के चुनाव नतीजों और संगठन के कामकाज के लिए जिम्मेदारी उनके ऊपर ही आयद होगी। इस साल पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। उनकी सफलता और विफलता का आकलन नितिन नबीन के कामकाज से नहीं होगा। भाजपा जीतती है तो उसका श्रेय जरूर नितिन नबीन को भी मिल सकता है लेकिन हार का ठीकरा उनके ऊपर नहीं फूटेगा। न तो विपक्ष उनको जिम्मेदार ठहराएगा और न भाजपा के नेता और कार्यकर्ता उनको जिम्मेदार मानेंगे। संगठन के मामले में मोदी और शाह के अब तक के ज्यादातर फैसले मास्टरस्ट्रोक साबित होते रहे हैं या यूं कहें कि लगातार चुनावी कामयाबी मिल रही है इसलिए संगठन में किसको कहां बैठाया गया यह ज्यादा महत्वपूर्ण नहीं रह जाता है। यह बात मोटे तौर पर पार्टी संगठन के पदाधिकारियों, प्रदेश अध्यक्षों और भाजपा शासित राज्यों के ज्यादातर मुख्यमंत्रियों के बारे में भी सही है। क्योंकि हर जगह चुनाव मोदी और शाह ही लड़ते दिखते हैं। आने वाले दिनों में भाजपा की इस राजनीति की निरंतरता बनी रहेगी। अब जो काम जेपी नड्डा करते थे वह काम नितिन नबीन करेंगे। गुणात्मक रूप से कुछ भी बदलने नहीं जा रहा है। प्रतीकात्मक रूप से कुछ संदेश जरूर जाएंगे। जैसे एक संदेश अगड़ी जाति के नेता को अध्यक्ष बनाने का है। पिछले 20 साल से भारतीय जनता पार्टी अगड़ा अध्यक्ष चुनती रही है। नितिन नबीन का चुना जाना उस नीति की भी निरंतरता है। नितिन नबीन के जरिए इसका संदेश पूरे देश में होगा। एक प्रतीकात्मक संदेश पश्चिम बंगाल में भी होगा, जहां ब्राह्मण और कायस्थ भद्रलोक पहले लेफ्ट का समर्थक था और अब ममता बनर्जी का समर्थक है। नितिन नबीन के जरिए दूसरा संदेश युवाओं का है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उनके अध्यक्ष चुने के बाद के भाषण में कहा कि नितिन नबीन मिलेनियल युवा हैं। उनका जन्म उस साल हुआ था, जिस साल भाजपा का गठन हुआ था। यानी भाजपा के साथ ही 1980 में उनका जन्म हुआ। हालांकि 45 साल का अध्यक्ष बनना भी भाजपा के लिए कोई आश्चर्य की बात नहीं है। अटल बिहारी वाजपेयी जब पहली बार भारतीय जनसंघ के अध्यक्ष बने थे तब उनकी उम्र 44 साल थी। अमित शाह भी 49 साल की उम्र में राष्ट्रीय अध्यक्ष बने थे और नितिन गडकरी जब अध्यक्ष बने थे तब उनकी उम्र 52 साल थी। इस निरंतरता के बावजूद नितिन नबीन के जरिए भाजपा के कार्यकर्ताओं और नेताओं को यह बताया गया है कि राष्ट्रीय अध्यक्ष या किसी भी बड़े पद पर पहुंचने के लिए उम्र, अनुभव या पृष्ठभूमि बहुत अहम नहीं है। नितिन नबीन के मामले में उम्र के पहलू पर ज्यादा जोर इसलिए है क्योंकि इस समय कांग्रेस के राहुल गांधी से लेकर देश के ज्यादातर राज्यों की प्रादेशिक पार्टियों का नेतृत्व अपेक्षाकृत युवा नेताओं के हाथ में है या उनके हाथ में आने वाली है। बिहार में 36 साल के तेजस्वी यादव ने कमान संभाल ली है तो झारखंड में 50 साल के हेमंत सोरेन ने पार्टी और सरकार की कमान संभाली है। उत्तर प्रदेश में अखिलेश यादव कमान संभाल चुके हैं। तमिलनाडु में उदयनिधि स्टालिन, पश्चिम बंगाल में अभिषेक बनर्जी, महाराष्ट्र में आदित्य ठाकरे जैसे नेता कमान संभालने वाले हैं। उससे पहले भाजपा ने अपनी तीसरी पीढ़ी के नितिन नबीन को मैदान में उतार दिया है। सो, उम्र का मामला हो या कामकाज के तौर तरीके का उसमें निरंतरता रहेगी। अंत में प्रधानमंत्री ने भी अपने भाषण में कह दिया है कि भाजपा के अध्यक्ष बदलते हैं आदर्श नहीं बदलते। इससे भी जाहिर है कि नीतिगत तौर पर कुछ भी नहीं बदलने वाला है। इसलिए नितिन नबीन की नियुक्ति से भाजपा की मौजूदा राजनीति की निरंतरता के तौर पर ही देखने की जरूरत है।

# सफलता के लिए पढ़ाई में निरंतरता जरूरी-एस डी एम मिहीपुरवा रूरामदयाल



न्यूज वाणी ब्यूरो
बहराइच मिहींपुरवा एस पी वी पी इंटर कालेज सेमरहना में फेयरवेल पार्टी का आयोजन हुआ।मुख्य अतिथि उपजिलाधिकारी रामदयाल ने छात्र/छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि सफलता के लिए पढ़ाई में निरंतरता जरूरी है।आप लगातार पढ़ते लिखते रहिये। शिक्षा ही विकास की सीढ़ी है।मेहनत का कोई विकल्प नही होता है। शैक्षिक डिग्री में अंको का बहुत महत्व नही होता है। जीवन में सफलता का महत्व होता है। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर किया गया। छात्राओं ने सरस्वती वंदना तथा स्वागत गीत प्रस्तुत किया। बच्चों ने बड़े सुंदर विचार प्रस्तुत किये। अन्य वक्ताओं में विद्यालय के प्रबंधक अनिल कुमार, प्रधानाचार्य दुर्गेश कुमार, राजेन्द्र कुमार गुप्ता, अवधेश जायसवाल, अमरनाथ वर्मा, नेहा, नसीमा आदि रहे।कार्यक्रम का संचालन छात्रा अनुष्का मौर्या ने किया। फेयरवेल पार्टी में शिक्षक उपेंद्र दीक्षित,लोकेश, विपिन,अरविंद कुमार सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# त्योहारों को शांतिपूर्ण व सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने हेतु एसडीएम नानपारा की कोतवाली नानपारा में पीस कमेटी की बैठक



न्यूज वाणी ब्यूरो
बहराइच नानपारा। आगामी त्यौहारों को सकुशल, शांतिपूर्ण एवं आपसी सौहार्द के साथ सम्पन्न कराए जाने के ष्टिगत आज उपजिलाधिकारी नानपारा मोनालिसा जौहरी की अध्यक्षता में कोतवाली नानपारा परिसर में एक महत्वपूर्ण पीस कमेटी बैठक आयोजित की गई। बैठक में क्षेत्राधिकारी पहुप सिंह, थानाध्यक्ष राजनाथ सिंह सहित थाना क्षेत्र के सभी ग्राम प्रधान, धर्मगुरु एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। बैठक को संबोधित करते हुए एसडीएम मोनालिसा जौहरी ने स्पष्ट रूप से कहा कि त्यौहार हमारी सांस्तिक विरासत के प्रतीक हैं और इन्हें आपसी भाईचारे, सौहार्द एवं कानून–व्यवस्था के दायरे में रहकर मनाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की अफवाह, भड़काऊ संदेश अथवा असामाजिक तत्वों की गतिविधियों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। ऐसे तत्वों के विरुद्ध सख्त वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। एसडीएम ने ग्राम प्रधानों एवं धर्मगुरुओं से अपील की कि वे अपने–अपने क्षेत्रों में शांति व्यवस्था बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग करें तथा सोशल मीडिया पर प्रसारित होने वाली अप्रमाणित सूचनाओं पर ध्यान न दें। उन्होंने निर्देशित किया कि जुलूस, शोभायात्रा अथवा अन्य धार्मिक कार्यक्रम पूर्व निर्धारित मार्ग एवं समय के अनुसार ही आयोजित किए जाएं तथा ध्वनि प्रदूषण के नियमों का पूर्णतः पालन किया जाए।क्षेत्राधिकारी पहुप सिंह ने कहा कि पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क है और संवेदनशील स्थलों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी। थानाध्यक्ष राजनाथ सिंह ने भी सभी से सहयोग की अपेक्षा व्यक्त करते हुए कहा कि किसी भी प्रकार की सूचना तुरंत पुलिस को उपलब्ध कराएं।बैठक में उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों ने प्रशासन को पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया और क्षेत्र में शांति एवं सौहार्द बनाए रखने का संकल्प दोहराया। उपजिलाधिकारी मोनालिसा जौहरी की सक्रिय पहल एवं सख्त प्रशासनिक ष्टिकोण से स्पष्ट है कि नानपारा तहसील प्रशासन आगामी त्यौहारों को लेकर पूरी तरह सजग एवं प्रतिबद्ध है। प्रशासन की सजगता एवं समन्वयात्मक प्रयासों से क्षेत्र में शांति, सुरक्षा एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण सुनिश्चित होना तय है।

# ईरान इराक से वापस आने वाले जायरीन का सिलसिला जारी

न्यूज वाणी ब्यूरो /लखनऊ.ईरान इराक से जियारत करके अपने वतन वापस आने वाले जायरीनों का सिलसिला जारी हैऔर लोग अपने अपने काफिलों के साथ वतन वापस आ रहे हैं इसी सिलसिले मेंयूनिटी कॉलेज के पास रहने वाली मिर्जा



फौजिया हुसैन भी बीते रोज ईरान इराक की जियारत करके अपने वतन वापस आई है. फौजिया अहलेबैत लाइब्रेरी मेंअसिस्टेंट लाइब्रेरियन के पद पर तैनात हैं इस सिलसिले मेंउनका कहना है कि,अगर उन्हेंबार–बार मौका मिले तो वह बार–बार जियारत के लिए जाएंफौजिया को ईरान इराक दोनों देशों का रहन–सहन सिस्टम बहुत ही पसंद आया.उन्हों ने बताया कि सुरक्षा व्यवस्था और सफाई के मामलों में भी दोनों देश नम्बर एक पर हैंउन्हें ईरान इराक में इमामों के रौजों की जियारत कर के काफी दिली सुकून मिला है।

# मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत 207 जोड़े वैवाहिक बंधन में बंधे

न्यूज वाणी ब्यूरो /बिजनौर । बिजनौर . ( किरतपुर )मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत 207 जोड़े वैवाहिक बंधन में बंधे। मंगलवार को गोवर्धन बैंक्वेट हाल में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ब्लॉक प्रमुख अंकित चौधरी और उनकी धर्मपत्नी मुख्य अतिथि रहे। कार्यक्रम में 180 हिंदू और 27 मुस्लिम जोड़ों के विवाह संपन्न हुए। पंडित एसएस परिहार ने हिंदू जोड़ों के विवाह की रस्में पूरी कराईं जबकि मौलाना इरशाद ने मुस्लिम जोड़ों का निकाह पढ़ाया। इस अवसर पर कमल चौहान, मुनेंद्र सिंह, अजीम, डॉ. अमजद, आकाश जैन, मयंक अग्रवाल आदि रहे।


**उत्तर मध्य रेलवे**

No. EL/Const/NCR/70 दिनांक : 10.02.2026

**''सार्वजनिक अधिसूचना''**

उत्तर मध्य रेलवे के सैयदसरावां स्टेशन के पूर्ण हो चुके खंड पर स्थित रेलवे लाइन और परिसर के सभी उपयोगकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि रेलवे लाइन के नीचे दिये हुए खंड में 2x25 केवी सैयदसरावां एस0पी0 को 13.03.2026 को या उसके बाद चालू किया जाएगा। इस तिथि से या उसके बाद से सैयदसरावां एस0पी0 को हर समय ऊर्जित माना जाएगा और कोई भी अनाधिकृत व्यक्ति सैयदसरावां एस0पी0 के पास नहीं जाएगा या उसके आसपास काम नहीं करेगा।

**ऊर्जाकरण की तिथि: 13.03.2026**

| Section | KM/Location/ Chainage | |
|---|---|---|
| | From | To |
| उत्तर मध्य रेलवे के मौजूदा मार्ग पर कानपुर से पंडित दीन दयाल उपाध्याय खंड के बीच गति को 160 किमी. प्रति घंटा/200 किमी प्रति घंटा तक बढ़ाने के संबंध में नए 2x25 केवी सैयदसरावां एस0पी0 का ऊर्जीकरण। | सैयदसरावां 851/02 | सैयदसरावां 851/10 |

No. EL/Const/NCR/70
Dated: 10.02.2026
Place- Prayagraj
318/26 (MG)

(गणेश कुमार सिंह) (एईई/पीयू)
उप मुख्य विद्युत अभियन्ता/मुख्यालय एवं उत्पादन इकाई,
उत्तर मध्य रेलवे, प्रयागराज

North central railways @CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in


# अश्वनी जैन का राज्य अध्यापक पुरस्कार में चयन होने पर एम डी जैन इंटर कॉलेज में हुआ अभिनंदन

न्यूज वाणी ब्यूरो/
सिरसागंज। माध्यमिक शिक्षा विभाग उत्तर प्रदेश ने प्रति वर्ष शिक्षक दिवस पर प्रदान किए जाने वाले शिक्षक पुरस्कारों की घोषणा कर दी है। सरकार द्वारा राज्य के माध्यमिक एवं राजकीय विद्यालयों के 15 शिक्षकों के नाम की सूची जारी की गई है। जिसमें जनपद फिरोजाबाद के श्री महावीर दिगम्बर जैन इंटर कॉलेज, सिरसागंज के नागरिक शास्त्र के प्रवक्ता अश्वनी कुमार जैन को मानविकी वर्ग में महामहिम राज्यपाल द्वारा राज्य अध्यापक पुरस्कार के लिए नामित किया गया है। अश्वनी कुमार जैन को यह पुरस्कार विद्यालय में अपने विषय में विद्यार्थियों के नामांकन बढ़ाने, नागरिक शास्त्र विषय को रुचिकर बनाने, उसमें नवाचार करने नागरिक शास्त्र मेला, भारतीय संसद का निर्माण, संविधान प्रस्तावना पाठ, संविधान क्विज, संविधान पोस्टर प्रतियोगिता, पैनल बोर्ड से वीडियो के माध्यम से अध्ययन, शैक्षिक भ्रमण, टी एल एम से विद्यार्थियों को अध्ययन, विद्यालय में विभिन्न प्रतियोगिताओं में योगदान, महापुरुषों की जयंती एवं राष्ट्रीय पर्वों पर मंच संचालक की भूमिका का निर्वहन, नगर पालिका परिषद सिरसागंज के स्वच्छ भारत अभियान के ब्राण्ड एम्बेसडर की भूमिका में स्वच्छता संबंधी विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन, वृक्षारोपण कार्यक्रम, सड़क सुरक्षा, मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम, आजादी का अमृत महोत्सव, विद्यार्थियों को संसद, चुनाव आदि की जानकारी एवं सामाजिक कार्यों में अग्रणी भूमिका प्रदान करने के लिए दिया गया है। उनके चयन से जिले के शिक्षकों और विद्यार्थियों में खुशी की लहर है। विद्यालय में अश्वनी जैन के अभिनंदन समारोह का आयोजन विद्यालय के प्रधानाचार्य नीरज कुमार जैन के संयोजन में किया गया। नीरज जैन ने उन्हें शुभकामनाएं प्रदान करते हुए बताया कि जैन विज्ञान और शिक्षा के क्षेत्र में लंबे समय से सक्रिय हैं। वह जिला विज्ञान क्लब के जिला समन्वयक भी हैं और उन्होंने अपने व जिले के विभिन्न विद्यालयों में एक हजार से अधिक विज्ञान प्रदर्शनियां एवं गतिविधियां आयोजित की हैं। उनके द्वारा विद्यालय में सभी गतिविधियों में पूर्ण सक्रियता रहती है। हेमचन्द्र जैन ने बताया कि जिले में माध्यमिक शिक्षा विभाग से पहली बार राज्य स्तर पर शिक्षक का चयन हुआ है। यह जनपद के लिए गौरव का क्षण है। अश्वनी कुमार जैन ने प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री, शिक्षामंत्री, समस्त जनप्रतिनिधियों, समस्त प्रशासनिक अधिकारियों, जनपद के विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाचार्य, शिक्षक साथी, विद्यालय की प्रबन्ध समिति, समस्त विद्यालय परिवार, समस्त मीडिया वर्ग का आभार व्यक्त करते हुए बताया कि काम ही पहचान है, उनका प्रयास सदैव यह रहा है कि विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ–साथ प्रायोगिक और सृजनात्मक अनुभव मिल सके। उन्होंने कहा कि शिक्षक का कर्तव्य केवल किताबें पढ़ाना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों में रचनात्मक सोच और



सामाजिक जिम्मेदारी विकसित करना भी है। कार्यक्रम का संचालन डॉ नितिन मिश्र एवं अमित जैन ने किया। इस अवसर पर संदीप जैन, राजकुमार, संजीव जैन, सुनील जैन, मनोज जैन, शैलेन्द्र जैन, सत्यपाल सिंह, प्रशांत जैन, नितिन जैन, अंजय जैन, दुर्गेश नंदन श्रीवास्तव, राजीव जैन, निर्भय जैन, परेश जैन, निशान्त जैन, योगेश श्रीवास्तव, धीरज जैन, राजेश सक्सेना, मनीष जैन, नवनीत प्रकाश जैन, विपुल जैन, हरिशंकर, सत्यकाम सिंह, मनोज शाक्य, विपुल, श्रीमती सुकीर्ति चतुर्वेदी, प्रीती जैन, स्वाती जैन, रंजना जैन, सारिका कुलश्रेष्ठ, साधना मोडवेल, अंजली जैन, साक्षी, किरण आदि उपस्थित रहे।

# पंडित दीन दयाल उपाध्याय का सिद्धांत सदियों तक भारत को मार्गदर्शन देगा - अभिलाष कौशल

न्यूज वाणी ब्यूरो
ऊंचाहार, रायबरेली। पंडित दीन दयाल उपाध्याय का सिद्धांत आधुनिक भारत को सशक्त बना रहा है , उनका सिद्धांत सदियों तक भारत देश को मार्गदर्शन देता रहेगा । यह विचार बुधवार को भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रांतीय मंत्री अभिलाष कौशल ने पंडित जी की पुण्य तिथि पर आयोजित कार्यक्रम में व्यक्त किए । उन्होंने कहा कि सर्वस्व समर्पण उस चेतना की अभिव्यक्ति है, जिसमें राष्ट्र और मानवता सर्वोपरि होती है। अंत्योदय के प्रणेता पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी ने भी इसी भावना से देश के जन–जन को सशक्त बनाने के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया। यह कार्यक्रम भाजपा ओबीसी मोर्चा के क्षेत्रीय मंत्री अभिलाष चंद कौशल के कैम्प कार्यालय में सम्पन्न हुआ। भाजपा नेता ने कहा कि पंडित दीनदयाल जी का जीवन राष्ट्र सेवा, सामाजिक समरसता और गरीब कल्याण को समर्पित रहा।



उनके विचार आज भी देश को आत्मनिर्भर एवं सशक्त बनाने की प्रेरणा देते हैं।कार्यक्रम में उपस्थित पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी तथा उनके आदर्शों को जन–जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। सभा में मंडल अध्यक्ष पवन सिंह, मंडल उपाध्यक्ष गुड्डन यादव, महामंत्री अरविंद शर्मा, विकाश श्रीवास्तव, अमरेश पासी, मनोज, अजय यादव, संदीप पाल सहित अनेक भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# नगर में रहने वाले 1505 नागरिको को निर्वाचन आयोग की और से फिर नोटिस

न्यूज वाणी ब्यूरो
नानौता सहारनपुर। नगर नानौता में रहने वाले 1505 नागरिको को निर्वाचन आयोग की और से नोटिस बताया गया है कि 10 फरवरी को हमे नये नोटिस प्राप्त हुए है जोकि निर्वाचन अधिकारी द्वारा जारी किये गए है.हुए एस आई आर में जिनके



नाम सही मेच नही कर पाये अब ऐसे मतदातओं के आधार कार्ड सहित अन्य दस्तावेज वोटर लिस्ट से मिलाया जायेगा. इससे पहले भी उन लोगो को नोटिस दिए गए थे जिनके नाम जारी किये गए है और यह नोटिस उन मतदातओं के नाम जरी किये गए है जिनके नाम वोटर लिस्ट में सही मेच नही कर पा रहे है इनमे वो मतदाता भी शामिल है जिनके नाम 2003 के एस आई आर में भी नाम रहे है और नये मतदातओं के भी नाम शामिल किये गए है.बी एल ओ द्वारा मिली जानकारी के अनुसार नई एस आई आर लिस्ट में नही आये और पुरानी एस आई आर में उनके नाम थे अब उसके बाद फिर से नये नोटिस दस फरवरी को जारी किये गए है.यह नोटिस बूथ 368 में 77 नोटिस बूथ नम्बर 366 में 82 नोटिस.बूथ 367 में 59.बूथ 369 में 110.बूथ 364 में 94.बूथ 376 में 92.बूथ 379 में 87.बूथ 370 में 75. बूथ 388 में 216.बूथ 383 में 130.बूथ 384 में 116.बूथ 385 में 229.बूथ 386 में 57.बूथ 372 में 82 को नोटिस दिये गए है. यूपी में हो रहे एस आई आर को लेकर मतदातओं को बी एल ओ के पास तो लगातार चक्कर लगाने पड़ ही रहे है तो वही एस आई आर बी एल ओ के भी सर का दर्द बना हुआ है.जितनी बारीकी से एस आई आर प्रक्रिया अपनाई जा रही है उसका जिम्मेदार कही न कही पूर्व में रहे बी एल ओ ही रहे या वो लोग जो आधार कार्ड बनाने का काम करते है। भारत में जिस तरह से अनपड लोगो की संख्या ज्यादा है उसी का खामयाजा आज यूपी की जनता भुगत रही है.और यह अधिकांश परेशानी मुस्लिम व दलित मतदातओं में देखने को ज्यादा मिल रही है क्योंकि जब कोई दस्तावेज बनवाया जाता है तो मुस्लिम व्यक्ति या महिला का नाम नॉन मुस्लिम सही तरह से लिख नही पाते और वह चेक कराये भी तो किसे क्योंकि वह खुद अनपद है अब ऐसे में वही लोग ज्यदा नाम सही कराने के लिए लाइन में लगे नजर आते है जिनके नाम गलत लिखे जाते है.एस आई आर में ऐसे लोगो को भी फिर से नोटिस जारी किया गया है जिनके ईपिक नम्बर 2003 के एस आई आर व 2025 के एस आई आर का ईपिक नम्बर एक ही है क्योंकि जब आधार कार्ड बने उनके जो नाम दर्ज किये गए वह नाम 2003 की वोटर लिस्ट से मेच नही कर रहे कही न कही किसी एक शब्द का अंतर है जेसे की 2003 के एस आई आर में मेरा नाम फैजाल दर्ज किया गया था जिसको बाद में नई सूची में सही कराते हुए 2025 के एस आई आर में फैजान कराया अब इस एक शब्द पर ऐसे ही 1505 मतदातओं को दस्तावेज के साथ तलब किया गया है।

# मशहूर उधमी डॉ. विकास कुमार मोदी ने अभिनेता राजपाल यादव को दी 21 लाख रुपये की आर्थिक सहायता

न्यूज वाणी ब्यूरो
लखनऊ 11 फरवरी 2026, मशहूर उद्यमी विकास मोदी ने संकट से जूझ रहे बॉलीवुड अभिनेता राजपाल यादव को 21 लाख रुपए का आर्थिक सहयोग देने की घोषणा की है। अभिनेता राजपाल यादव वर्तमान में एक कानूनी प्रकरण के चलते चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों का सामना कर रहे हैं। अभिनेता राजपाल यादव ने अपनी प्रभावशाली कॉमेडी और सशक्त अभिनय के माध्यम से भारतीय सिनेमा में एक विशिष्ट पहचान बनाई है। वह इस समय जीवन के एक कठिन दौर से गुजर रहे हैं। इस परिस्थिति में डॉ. विकास कुमार मोदी का सहयोग मानवीय संवेदनशीलता, सहानुभूति और सामाजिक जिम्मेदारी का प्रतीक है। इस बारे में डॉ. विकास कुमार मोदी ने कहा कि जीवन में उतार–चढ़ाव हर व्यक्ति के हिस्से में आते हैं। ऐसे समय में सहयोग, संवेदनशीलता और नैतिक समर्थन ही समाज की वास्तविक शक्ति होते हैं। उन्होंने कहा कि कलाकार समाज को मुस्कान और सकारात्मकता देते हैं इसलिए कठिन परिस्थितियों में उनके साथ खड़ा होना हमारा मानवीय दायित्व है। डॉ. विकास कुमार मोदी ने स्पष्ट किया कि यह सहायता पूर्णतः मानवीय आधार पर प्रदान की गई है, जिसका उद्देश्य केवल नैतिक समर्थन एवं सहानुभूति व्यक्त करना है। समाज में संवेदनशीलता और सहयोग के मूल्य आज भी उतने ही महत्वपूर्ण हैं। कठिन परिस्थितियों में एक–दूसरे के प्रति सम्मान और समर्थन का भाव ही समाज को मजबूत बनाता है। कौन हैं डॉ. विकास मोदी? डॉ. विकास कुमार मोदी एक प्रतिष्ठित उद्यमी, दूरदर्शी व्यवसायी एवं सक्रिय समाजसेवी के रूप में व्यापक रूप से पहचाने जाते हैं। परिवहन एवं लॉजिस्टिक्स क्षेत्र में उन्होंने अपने नेतृत्व और नवाचार के माध्यम से मजबूत पहचान स्थापित की है। उनके व्यावसायिक उपक्रमों ने न केवल उद्योग में नई संभावनाएँ खोली हैं बल्कि रोजगार सृजन



और सेवा गुणवत्ता के क्षेत्र में भी उल्लेखनीय योगदान दिया है। डॉ. विकास मोदी व्यवसाय के साथ–साथ मनोरंजन उद्योग में भी सक्रिय रूप से जुड़े हुए हैं। वे सृजनात्मकता, प्रतिभा और सांस्तिक अभिव्यक्ति को प्रोत्साहित करने के प्रति प्रतिबद्ध हैं। सामाजिक सरोकारों के प्रति उनकी गहरी संवेदनशीलता उन्हें एक ऐसे व्यक्तित्व के रूप में स्थापित करती है, जो व्यवसायिक सफलता के साथ मानवीय मूल्यों और सामाजिक जिम्मेदारियों को समान महत्व देते हैं। समाजसेवा और मानवीय सहयोग की दिशा में उनके निरंतर प्रयास उन्हें एक प्रेरक एवं सम्मानित नाम बनाते हैं। डॉ. विकास कुमार मोदी मूलतः राजस्थान के रहने वाले हैं और जयपुर में रहते हैं।

# निरीक्षण की भनक लगते ही डालमिया चीनी मिल से ठेका मजदूर बाहर, जांच के बाद फिर कराए गए अंदर!

न्यूज वाणी ब्यूरो/ संदना सीतापुर। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा मजदूरों के शोषण पर सख्ती के दावों के बीच




डालमिया चीनी मिल, रामगढ़ में श्रम कानूनों के पालन को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। 10 फरवरी 2026 को प्रमुख सचिव, श्रम विभाग, उत्तर प्रदेश शासन डॉ. एम. के. सन्मुगा सुंदरम के निर्देश पर गठित संयुक्त जांच टीम ने मिल का औचक निरीक्षण किया, जिससे मिल प्रशासन में हड़कंप मच गया। जांच टीम में शरद, श्रम प्रवर्तन अधिकारी लखनऊ, संतोष कुमार, श्रम प्रवर्तन अधिकारी लखनऊ तथा हिमानी भारद्वाज, श्रम प्रवर्तन अधिकारी सीतापुर शामिल रहीं। लेकिन जांच से पहले ही मिल प्रशासन की कार्यशैली सवालों के घेरे में आ गई। सूत्रों के अनुसार जैसे ही मिल प्रबंधन को निरीक्षण की भनक लगी, ठेके पर कार्यरत मजदूरों को आनन–फानन में मिल परिसर से बाहर कर दिया गया, ताकि किसी प्रकार की अनियमितता उजागर न हो सके। हैरत की बात यह रही कि जांच टीम के लौटते ही सभी मजदूरों को दोबारा काम पर लगा दिया गया। यह निरीक्षण फतेह बहादुर सिंह, अध्यक्ष.राष्ट्रीय जनाधिकार परिषद द्वारा मजदूरों के शोषण को लेकर की गई शिकायत के आधार पर किया गया था। निरीक्षण के दौरान संयुक्त टीम ने मजदूरों की कार्य परिस्थितियां, मजदूरी भुगतान, सुरक्षा इंतजाम और श्रम कानूनों के अनुपालन की गहन समीक्षा की। अधिकारियों ने मजदूरों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और मिल प्रबंधन को श्रम कानूनों का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए। इस कार्रवाई से मजदूरों में न्याय की उम्मीद जगी है, वहीं यह सवाल भी उठ रहा है की –अगर सब कुछ ठीक था, तो मजदूरों को निरीक्षण से पहले बाहर क्यों निकाला गया? –क्या ठेका मजदूरों को छुपाना स्वयं में अनियमितता का प्रमाण नहीं है? स्थानीय लोगों और श्रमिक संगठनों ने इस निरीक्षण को सराहनीय कदम बताते हुए शासन और शिकायतकर्ता का आभार जताया है। साथ ही उम्मीद जताई जा रही है कि जांच रिपोर्ट के आधार पर दोषियों पर ठोस कार्रवाई होगी, ताकि भविष्य में मजदूरों के शोषण पर प्रभावी रोक लग सके। इस संबंध में श्रम प्रवर्तन अधिकारी सीतापुर हिमानी भारद्वाज ने बताया कि शिकायत के आधार पर निरीक्षण किया गया है तथा निरीक्षण की विस्तृत रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को भेज दी गई है। आगे की कार्रवाई शासन स्तर से तय की जाएगी।

# घर का ही निकला चोर , पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

न्यूज वाणी ब्यूरो /बिजनौर । मंडेरा जट गांव में योगेंद्र सिंह के घर लूट की कहानी झूठी निकली। दरअसल इनकी पुत्रवधू शिवानी ने अपनी जेठानी के आभूषण चोरी करने के बाद भाई के हवाले कर दिए, जबकि गर्दन पर चाकू रखकर लूटने का शोर मचा दिया था। पुलिस ने महिला को उसके भाई और मां समेत गिरतार कर लिया है। पुलिस ने 14 तौला सोना और 100 ग्राम चांदी के जेवर बरामद कर लिए हैं। एसपी अभिषेक झा ने बताया कि 7 फरवरी को मंडेरा जट निवासी योगेंद्र सिंह ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि एक युवती समेत दो बदमाशों ने घर में घुसकर उनकी पुत्रवधू शिवानी पत्नी के गले पर चाकू रख दिया, जिन्होंने अलमारी के ताले तोड़कर सोना चांदी के आभूषण लूट लिए। बताया कि शिवानी ने पुलिस को दिए शुरुआती बयान में उसका और उसकी जेठानी का 25 तौला सोना लूट ले जाने की बात कही थी। शाम ढलने तक दूसरे बयान में खुद के जेवर सुरक्षित होने और केवल जेठानी के ही लूट लिए जाने की बात कही। पुलिस को बयान में विरोधाभास और घर में किसी का आना जाना पुख्ता नहीं हो पाया था। इसके बाद पुलिस पड़ताल में सामने आया कि जिस दिन लूट का शोर मचाया, उससे पहले ही शिवानी ने अपनी जेठानी के जेवर अलमारी से निकालकर अपने भाई गोलू उर्फ पंकज निवासी बिसाथ के हवाले कर दिए थे। साथ ही ट्रैक्टर के गुल्ले से अलमारी के ताले तोड़ दिए थे। अब पुलिस ने शिवानी पत्नी अमित, उसकी मां संजो देवी और भाई पंकज को गिरतार करके चालान कर दिया। अदालत ने तीनों को जेल भेज दिया।

# बालक ने पानी समझकर पी लिया कास्टिक सोडा, हुई मौत।

न्यूज वाणी ब्यूरो /बिजनौर । बिजनौर . नींदडू में पानी समझकर घर में रखा कपड़े धोने का आला (कास्टिक सोडा) पीने से छह वर्षीय बालक की मौत हो गई। उसे चंडीगढ़ के अस्पताल में भर्ती कराया गया था। परिजनों का रोकर बुरा हाल है। शाही मस्जिद मोहल्ले का गुलशेर कस्सार काफी समय से परिवार सहित चंडीगढ़ में रहकर मजदूरी करता है। छह फरवरी की दोपहर में उसकी पत्नी नगमा घर में खाना बना रही थी। छह वर्षीय पुत्र रूहान मोहल्ले के बच्चों के साथ घर में ही खेल रहा था। प्यास लगने पर उसने दीवार की ताख में रखी कपड़ा धोने के आले की बोतल उठा ली तथा पानी समझकर उसमें भरा आला पी लिया। आला पीने के बाद बालक की हालत बिगड़ गई। गुलशेर ने रूहान को अस्पताल में भर्ती कराया। नौ फरवरी को इलाज के दौरान रूहान की मृत्यु हो गई। चिकित्सकों के अनुसार आला पीने से बालक की आंतें कट गई थीं। मंगलवार सवेरे करीब पांच बजे बालक का शव घर पहुंचा। 10 बजे रूहान के जनाजे की नमाज पढ़कर शव को कब्रिस्तान में दफन कर दिया गया।

# मंदिर में मूर्ति प्रतिष्ठा कार्यक्रम के पूर्व भव्य कलश यात्रा निकली!

न्यूज वाणी ब्यूरो
'खागा नगर के रहने वाले कोआपरेटिव बैंक के पूर्व चेयरमैन उदय प्रताप सिंह उर्फ मुन्ना भैया वा जिला पंचायत अध्यक्ष अभय प्रताप सिंह उर्फ पप्पू भैया के द्वारा उनके



जी टी रोड स्थिति युगराजेश्वर मंदिर में होने वाले मूर्ति प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर आज उनके नई बाजार स्थिति उनके पैतृक आवास से भव्य कलश यात्रा निकली गई,जो उनके आवास से चलकर नौबस्ता रोड होते हुए प्राचीन बड़े हनुमान मंदिर से होकर सर्राफा बाजार से चौक जी टी रोड होते हुए मंदिर प्रांगण पहुंचकर कलश यात्रा का समापन हुआ,जहां पर सभी लोगों के लिए उत्तम जलपान की भी व्यापस्था करवाई गई थी।कलश यात्रा में हजारों की संख्या में भक्तगण मौजूद रहें,कलश यात्रा के दौरान कई जगह नगर के व्यापारियों द्वारा यात्रा का फूल बरसा कर आयोजकों को माला पहनाकर स्वागत किया गया। यात्रा के दौरान प्रमुख रूप से व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष शिवचंद्र शुक्ल,नगर अध्यक्ष अमिताभ शुक्ल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष विजय अग्रहरि,ज्ञानेंद्र गुप्त,राजू दुबे,बजरंग दल के जिला सह संयोजक रोहित दीक्षित,छोटू सिंह परिहार,भाजपा मंडल अध्यक्ष ब्रजेश।

# शिक्षा, युवाओं और गाजीपुर के विकास को नई उड़ान देने वाला बजटः प्रो राघवेन्द्र कुमार पाण्डेय

न्यूज वाणी ब्यूरो /गाजीपुर। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्रस्तुत वर्ष 2026. 27 का बजट शिक्षा, युवाओं और गाजीपुर जनपद के समग्र विकास को नई दिशा देने वाला है। उक्त विचार प्रोफेसर (डॉ०) राघवेन्द्र कुमार पाण्डेय, प्राचार्य, स्नातकोत्तर महाविद्यालय, गाजीपुर ने बजट पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा। प्रोफेसर पाण्डेय ने कहा कि यह बजट 'विकसित उत्तर प्रदेश' की सशक्त आधारशिला रखने वाला तथा




अत्यंत स्वागतयोग्य है। एक शिक्षाविद् के रूप में मैं उच्च शिक्षा के बजट में 7 प्रतिशत वृद्धि एवं 6,591 करोड़ रुपये के आवंटन का अभिनंदन करता हूँ। उच्च शिक्षण संस्थानों में विद्यार्थियों के लिए 'मानसिक स्वास्थ्य एवं कल्याण नीति' की पहल सरकार की छात्र– हितैशी सोच को दर्शाती है। उन्होंने कहा कि बेसिक शिक्षा के लिए 77,622 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित की गई है। परिषदीय विद्यालयों में कक्षा 1 से 8 तक के छात्र–छात्राओं को निःशुल्क यूनिफॉर्म, स्कूल बैग, जूता–मोजा एवं स्टेशनरी उपलब्ध कराने हेतु 650 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। प्रदेश के सभी 75 जनपदों में दो–दो मुख्यमंत्री मॉडल कम्पोजिट विद्यालयों की स्थापना तथा प्रत्येक जनपद में एक–एक मुख्यमंत्री अभ्युदय विद्यालय विकसित किया जाना सराहनीय कदम है। जिन विकास खंडों में कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय नहीं हैं, वहाँ आवासीय बालिका विद्यालय की स्थापना हेतु 580 करोड़ रुपये की नई योजना प्रस्तावित है। प्रोफेसर पाण्डेय ने बताया कि गाजीपुर को 'काशी–विन्ध्य क्षेत्र विकास प्राधिकरण' में सम्मिलित किया जाना क्षेत्रीय विकास, बेहतर आधारभूत संरचना एवं कनेक्टिविटी को सुदृढ़ करेगा। युवाओं के लिए 'स्वामी विवेकानन्द युवा सशक्तिकरण योजना' (टैबलेटध्स्मार्टफोन) हेतु 2,374 करोड़ रुपये तथा 'मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान' के अंतर्गत ब्याज–मुक्त ऋण की व्यवस्था युवाओं को 'जॉब सीकर' से 'जॉब क्रिएटर' बनने की दिशा में प्रेरित करेगी। निस्संदेह यह बजट प्रदेश की युवा शक्ति को नई ऊर्जा प्रदान करने वाला है।


फतेहपुर के डा. जमाल चश्मे वालों की मशहूर दुकान
**फैसल चश्मे वाले**
(साइन्टिफिक आप्टीशियन)
किशनपुर रोड, चौड़ा खेर गली के अन्दर, शिब्बू मोबाइल के बगल में, मस्जिद के नीचे पहुंच गई है।
(जापानी कम्प्यूटर द्वारा आंखों की जाँच)
हमारे यहाँ पर आखों की जाँच करके नज़र व धूप के चश्में बनायें जाते है।
नोट- सरदर्द, आँखों में दर्द, मोतिया बिन्द, समलबाई, धुन्ध, आपरेशन आँख दूर व पास के अक्षर साफ न दिखाई देने पर साइन्टिफिक आप्टीशियन द्वारा आँखों की जाँच करके नज़र व धूप के चश्में बनाये जाते है व साफट कान्टेक्ट लेन्स लगायें जाते है एवं कान की मशीन भी उपलब्ध है।
नोट- मोतिया बिन्द के आपरेशन व आँखों के अन्य आपरेशनों के साथ-साथ लैसिक द्वारा चश्मा हटवाने के लिए सम्पर्क करें। आँख के अन्दर (I.O.L.) लेन्स लगवाने के 21 दिन बाद अवश्य चश्मा लगवा लें वरना रोशनी कम होने का खतरा बना रहता है।
**फैसल चश्मे वाले**
किशनपुर रोड, चौड़ाखेर गली के अन्दर, शिब्बू मोबाइल के बगल में, मस्जिद के नीचे, खागा-फतेहपुर
डा. जमाल अहमद, जी.टी. रोड, फतेहपुर, MBBS. (H) P.M.P
हाजी ख़लीक़ अहमद जाफरी, सम्पादक कारवाने हक, 9415065213
एफ.ए.जाफरी, D.R. (Opt.), 7379440876

# अपर पुलिस महानिदेशक प्रयागराज जोन द्वारा पुलिस लाइन बांदा का किया गया निरीक्षण



न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। अपर पुलिस महानिदेशक प्रयागराज जोन श्री ज्योति नारायण द्वारा श्रीमान् पुलिस उपमहानिरीक्षक चित्रकूटधाम परिक्षेत्र बांदा श्री राजेश एस0 व अधीक्षक बांदा श्री पलाश बंसल के साथ पुलिस लाइन बांदा का निरीक्षण किया गया । इस दौरान जनपद में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे रिक्रूट आरक्षियों के साथ वार्ता कर संवेदनशीलता, धैर्यता और सदाचार व्यवहार का पालन करने व साथ ही सभी प्रशिक्षुओ को प्रभावी प्रशिक्षण देने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए । तत्पश्चात जनपद के समस्त राजपत्रित अधिकारियों के साथ नवीन सभागार पुलिस लाइन बांदा में अपराध समीक्षा बैठक की गई । समीक्षा बैठक में जनपद में अपराधों की रोकथाम व शांति एवं कानून व्यवस्था को सु.ढ़ करने तथा आगामी त्यौहारों महाशिवरात्रि, होली, रमजान, ईद–उल–फितर, रामनवमी आदि को सकुशल सम्पन्न कराए जाने हेतु आवश्यक दिशा–निर्देश दिए गए । बैठक के दौरान जनपद के अपराधों की विस्तृत समीक्षा की गई । गंभीर अपराधों, लंबित विवेचनाओं, वांछित एवं इनामी अपराधियों की गिरतारी, महिला अपराधों, साइबर अपराध, तथा अपराध नियंत्रण में प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करने तथा विवेचनाओं का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किए जाने के स्पष्ट निर्देश दिए गए एवं आगामी त्यौहारों को .ष्टिगत शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु सभी अधिकारियों को अपने–अपने क्षेत्रों में सतर्क .ष्टि बनाए रखने, संवेदनशील स्थानों की पहचान कर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती, निरंतर पैदल गश्त, प्रभावी चेकिंग तथा सोशल मीडिया की सतत निगरानी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए कि त्यौहारों के दौरान किसी भी प्रकार की अफवाह, सांप्रदायिक तनाव अथवा असामाजिक गतिविधियों पर त्वरित एवं कठोर कार्यवाही की जाए साथ ही स्थानीय नागरिकों, शांति समितियों एवं जनप्रतिनिधियों के साथ समन्वय स्थापित कर आपसी सौहार्द एवं भाईचारे का वातावरण बनाए रखा जाए । गुण्डो, माफियाओं, हिस्ट्रीशीटरों, टॉप टेन व इनामियां अपराधियों, वांछित अभियुक्तों की गिरतारी आदि के सम्बन्ध में निर्देशित किया गया । चोरी, लूट, नकबजनी, टप्पेबाजी जैसी घटनाओं की रोकथाम में पैदल गश्त की भूमिका पर जोर देते हुए उन्होने निर्देशित किया । सभी भीड़–भाड़ वाले तथा संवेदनशील स्थानों पर नियमित पैदल गस्त करें साथ ही रात्रि गस्त पार्टी को भी प्रभावी तरीके से क्रियाशील करें । महिला सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए महिला सम्बन्धी अपराधों को संवेदनशीलता के साथ जल्द से जल्द निस्तारण करने तथा महिला हेल्पडेस्क, एंटी–रोमियो स्क्वाड एवं महिला बीट की सक्रियता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए एवं आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान, शालीन व्यवहार तथा जनसुनवाई को प्रभावी बनाए रखने पर भी विशेष बल दिया गया ।

# दीनदयाल उपाध्याय का जीवन राष्ट्रप्रेम, नि:स्वार्थ सेवा का प्रतीक रहा

**- दीनदयाल जी का अंत्योदय एवं एकात्म मानववाद का सिद्धांत प्रेरणादायक ।**

**- भाजपा ने दीनदयाल जी की पुण्यतिथि समर्पण दिवस के रूप में मनाई ।**

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। भाजपा द्वारा प्रखर राष्ट्रवादी, कुशल संगठन कर्ता अंत्योदय और एकात्म मानववाद, जनसंघ के प्रमुख विचारक एवं हम सभी के प्रेरणा श्रोत पं दीनदयाल उपाध्याय की 58 वीं पुण्यतिथि को समर्पण दिवस के रूप में मनाया गया स शहर के अवस्थी पार्क में आयोजित संगोष्ठी में मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद प्रदेश कार्य समिति सदस्य प्रमोद द्विवेदी ने कहा कि दीनदयाल जी एक महान चिंतक, दार्शनिक, समाज सुधारक थे उन्होंने एकात्म मानववाद और अंत्योदय का सिद्धांत दिया जो भारतीय संस्:ति व मूल्यो पर आधारित है उन्होंने समाज के अंतिम व्यक्ति का उत्थान किया उनका जीवन नैतिकता, राष्ट्रप्रेम और नि:स्वार्थ सेवा का प्रतीक रहा है यही कारण है कि आज के दिन हम लोग उनकी पुण्यतिथि को समर्पण दिवस के रूप में मनाते हैं स भाजपा के क्षेत्रीय कार्यकारिणी सदस्य अखिलेश श्रीवास्तव ने कहा कि दीनदयाल जी का अंत्योदय के पवित्र सिद्धांत, समाज के अंतिम व्यक्ति के उत्थान का चिंतन एवं राष्ट्र जीवन के लिए मार्गदर्शक है। उनके विचार राष्ट्र निर्माण को मात्र केंद्रित .ष्टि देने वाले व समता, स्वालम्बन और सांस्:तिक चेतना आज भी समाज के लिए मार्ग दर्शक है। जिला अध्यक्ष कल्लू सिंह राजपूत ने कहा पंडित दीन दयाल उपाध्याय के समरस आत्म निर्भर और स्वशक्त भारत के निर्माण का संकल्प हम सभी को जान सेवा के लिए निरंतर प्रेरित करता है अंतिम व्यक्ति के उत्थान का उनका दर्शन आज भी सभी के लिए प्रेरणा का पुंज है। उनके विचार और सादगी पूर्ण जीवन हमें राष्ट्र सेवा के मार्ग पर चलने की शक्ति देते है। गोस्ठी का संचालन जिला महामंत्री अखिलेश नाथ दीक्षित ने किया। कार्यक्रम मे पूर्व पालिकाध्यक्ष राज कुमार राज, विनोद जैन, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष वंदना गुप्ता, राजेश गुप्ता रज्जन, उत्तम सक्सेना, संतु गुप्ता, पंकज रैकवार, अमित सेठ भोलू, रामपाल प्रजापति, दुर्गा चौरसिया, सौरभ गुप्ता, सुमन तिवारी, संतोष राजपूत, राकेश गुप्ता, लखन सिंह राजपूत, मछन्दर सिंह आदि मौजूद रहे।



# ABVP का हल्ला बोलय कीरतपुर स्कूल प्रकरण और बदहाल स्वास्थ्य सेवाओं के खिलाफ डीएम को सौंपा ज्ञापन

न्यूज वाणी ब्यूरो

मैनपुरी जनपद की चरमराती स्वास्थ्य व्यवस्था और कीरतपुर कंपोजिट विद्यालय में दवा खाने से बीमार हुए 150 बच्चों के मामले को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (।ठटच) ने कड़ा रुख अपनाया है। परिषद ने प्रशासन को अल्टीमेटम देते हुए स्वास्थ्य विभाग में व्याप्त भ्रष्टाचार और लापरवाही के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। कंपोजिट विद्यालय में .मिनाशक दवा खाने के बाद 150 से अधिक बच्चों का बीमार होना विभाग की बड़ी लापरवाही है। जिला अस्पताल में एक बेड पर 4–4 बच्चों का इलाज किया जाना अमानवीय है, जो आपातकालीन सेवाओं की बदहाली को उजागर करता है। विद्यार्थी परिषद ने मांग की है कि बच्चों को दी गई घटिया और मानकविहीन दवाओं की जांच हो और आपूर्ति करने वाली एजेंसियों पर तत्काल थ्प् दर्ज कर जिम्मेदार अधिकारियों को निलंबित किया जाए। निजी प्रैक्टिस पर रोक की मांगरू ज्ञापन में आरोप लगाया गया है कि सरकारी डॉक्टर अपने कर्तव्यों को त्याग कर निजी क्लीनिकों पर ध्यान दे रहे हैं। ।ठटच ने सरकारी डॉक्टरों की प्राइवेट प्रैक्टिस पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने और औचक निरीक्षण की मांग की है। झोलाछाप डॉक्टरों का आतंकरू जनपद में बिना पंजीकरण के चल रहे अवैध क्लीनिकों और झोलाछाप डॉक्टरों के खिलाफ विशेष अभियान चलाकर उन्हें तत्काल सील करने की मांग उठाई गई है। सरकारी डॉक्टरों की निजी प्रैक्टिस पर तत्काल रोक लगे। अवैध क्लीनिकों और झोलाछाप डॉक्टरों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई हो। जिला अस्पताल की व्यवस्थाओं में 24 घंटे के भीतर प्रभावी सुधार सुनिश्चित किया जाए।

# रामलीला पार्क निर्माण पर ग्रहण

## -गाटा संख्या 30 सड़क पर 'स्टे' के बाद काम ठप,।

## -क्या राह निकालेगी नगर पंचायत।।

न्यूज वाणी ब्यूरो

खीरी टाउन लखीमपुर खीरी। नगर पंचायत खीरी टाउन की महत्वाकांक्षी परियोजना श्रामलीला पार्कश् का निर्माण कार्य इन दिनों कानूनी दांव–पेच और प्रशासनिक ऊहापोह के बीच फंस गया है। सिविल जज (जू०डि०) लखीमपुर खीरी की अदालत द्वारा गाटा संख्या 30 पर यथास्थिति ;ैजंजने फनवद्ध बनाए रखने के आदेश ने न केवल नगर पंचायत की कार्ययोजना को प्रभावित किया है, बल्कि स्थानीय राजनीति और जनमानस में भी नई चर्चा छेड़ दी है। सबसे बड़ा सवाल यह उठ रहा है कि जब स्टे केवल एक गाटा संख्या पर है, तो नगर पंचायत शेष विवाद–मुक्त भूमि पर काम क्यों नहीं कर रही है? मामले की शुरुआत तब हुई जब स्थानीय निवासी महादेव ने न्यायालय की शरण ली। वाद संख्या 1090ध्2023 के माध्यम से महादेव ने आरोप लगाया कि नगर पंचायत उनके अधिकारों का हनन कर रही है। वादी महादेव का तर्क है कि वह गाटा संख्या 28 (रकबा 0.158 हेक्टेयर) के विधिक स्वामी हैं। उनके अनुसार, उनके इस भूखंड तक पहुँचने का एकमात्र जरिया गाटा संख्या 30 (रकबा 0.235 हेक्टेयर) है। महादेव का दावा है कि राजस्व अभिलेखों में गाटा संख्या 30 स्पष्ट रूप से श्सड़कश के रूप में दर्ज है। उनका कहना है कि यदि नगर पंचायत इस सड़क पर कब्जा कर पार्क का निर्माण कर देती है, तो उनकी संपत्ति तक पहुँचने का रास्ता हमेशा के लिए बंद हो जाएगा। उन्होंने न्यायालय में दलील दी कि सड़क पर निर्माण से उन्हें श्अपूरणीय क्षतिश होगी, जिसकी भरपाई भविष्य में संभव नहीं है। नगर पंचायत खीरी ने न्यायालय में बताया कि वो गाटा संख्या 30 सड़क पर पार्क का निर्माण नहीं करना चाहती बल्कि रामलीला मैदान की भूमि पर पार्क प्रस्तावित है दोनों पक्षों की दलीलें सुनने और राजस्व अभिलेखों का सूक्ष्म अवलोकन करने के बाद, न्यायालय ने पाया कि प्रथम .ष्टया वादी महादेव का दावा विचारणीय है। अदालत ने माना कि यदि मुकदमे के दौरान विवादित भूमि के स्वरूप में परिवर्तन कर दिया गया, तो जटिलताएं बढ़ सकती हैं। परिणामस्वरूप, न्यायालय ने आदेश दिया कि गाटा संख्या 30 पर मुकदमे के अंतिम निस्तारण तक यथास्थिति बनाए रखी जाए। यानी इस भूमि पर कोई नया निर्माण या परिवर्तन नहीं किया जा सकेगा। मामले में दिलचस्प मोड़ तब आता है जब हम नगर पंचायत के जवाब को देखते हैं। पंचायत का कहना है कि जिस भूमि पर रामलीला पार्क प्रस्तावित है, वह सरकारी संपत्ति है। पंचायत ने न्यायालय में गाटा संख्या 131 और 133 के अभिलेख प्रस्तुत करते हुए इन्हें सार्वजनिक उपयोग की भूमि बताया। हैरानी की बात यह है कि अदालत का स्थगन आदेश ;ैजंल व्तकमतद्ध केवल गाटा संख्या 30 के लिए है। गाटा संख्या 131 और 133 पर कोई कानूनी रोक नहीं है। तकनीकी रूप से नगर पंचायत इन नंबरों पर पार्क का निर्माण जारी रख सकती है। इसके बावजूद, मौके पर निर्माण कार्य पूरी तरह बंद है। स्थानीय गलियारों में चर्चा है कि क्या प्रशासन राजस्व टीम के जरिए सटीक पैमाइश कराने से डर रहा है? या फिर क्या रामलीला पार्क का नक्शा इस तरह तैयार किया गया है कि सड़क (गाटा संख्या 30) के बिना पार्क का ढांचा खड़ा करना मुमकिन नहीं है? जनता की उम्मीदें और प्रशासनिक सुस्ती श्रामलीला पार्कश कस्बे की सांस्:तिक पहचान से जुड़ा विषय है। निर्माण कार्य रुकने से उन लोगों में रोष है जो इसे विकास के प्रतीक के रूप में देख रहे थे। जानकारों का कहना है कि यदि प्रशासन चाहे तो विवादित हिस्से को छोड़कर शेष भूमि पर काम शुरू कर सकता है, लेकिन प्रशासनिक सुस्ती के कारण पूरी परियोजना अधर में लटकी है। अब सबकी निगाहें नगर पंचायत के अगले कदम पर टिकी हैं। क्या प्रशासन राजस्व विभाग के साथ मिलकर भूमि का सीमांकन कराएगा, या फिर वादी महादेव के साथ इस कानूनी लड़ाई के खत्म होने का इंतजार करेगा? फिलहाल, रामलीला पार्क की नींव ईंटों के बजाय अदालती कागजों में दबकर रह गई है।

# यूपी बोर्ड परीक्षा को सकुशल संपन्न कराने को लेकर जिलाधिकारी ने की बैठक।

## –परीक्षा को नकल विहीन ढंग से संपन्न कराए, एक टीम के रूप में परीक्षा से जुड़े अधिकारी एवं कर्मचारी करे कार्य – जिलाधिकारी।



न्यूज वाणी ब्यूरो

मऊ । माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा आयोजित होने वाली यूपी बोर्ड परीक्षा को सकुशल संपन्न करने के संबंध में आज जिलाधिकारी ने समस्त जोनल, सेक्टर, स्टैटिक मजिस्ट्रेट, केंद्र व्यवस्थापक एवं वाह्य केंद्र व्यवस्थापकों के साथ कम्युनिटी हाल में बैठक की। जनपद में बोर्ड परीक्षा–2026 को सकुशल संपन्न कराए जाने हेतु कुल 127 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। जिसमें हाई स्कूल के 37506 एवं इंटरमीडिएट के 39956 परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित हो रहे हैं। जनपद में पांच संवेदनशील एवं तीन अति संवेदनशील परीक्षा केंद्र निर्धारित किए गए हैं। परीक्षा को सकुशल संपन्न कराए जाने हेतु चार जोनल मजिस्ट्रेट, 24 सेक्टर मजिस्ट्रेट, 127 स्टेटिक मजिस्ट्रेट एवं 127 वाह्य केंद्र व्यवस्थापक नियुक्त किए गए हैं। परीक्षा से जुड़े लोगों को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि आप सभी पर पूर्ण विश्वास है पूर्व में भी आप लोगों द्वारा बड़ी एवं संवेदनशील परीक्षाएं ठीक ढंग से संपन्न कराई गई हैं। पूरी ईमानदारी एवं पारदर्शिता से नकल विहीन संपन्न कारये उन्होंने कहा कि अधिकारी एवं परीक्षा से जुड़े अन्य कर्मचारी एक टीम के रूप में कार्य करें, जिससे इस परीक्षा को सकुशल संपन्न कराया जा सके। अपर पुलिस अधीक्षक ने कहा कि पुलिस प्रशासन हर तरह से सहयोग करने के लिए तैयार है। हम उम्मीद करते हैं कि परीक्षा को सकुशल नकल विहीन पूर्ण कराएंगे। अपने संबोधन में अपर जिलाधिकारी ने कहा कि प्रश्न पत्र निकालते समय विशेष ध्यान दें, जिस पाली एवं विषय का है वही प्रश्न पत्र खोलें। उन्होंने उत्तर प्रदेश सार्वजनिक परीक्षा अधिनियम 2024 के धाराओं से लोगों को अवगत कराते हुए कहा कि अनुचित साधनों के प्रयोग पर अथवा कर्तव्य पालन की उपेक्षा करने पर परीक्षा से जुड़े अधिकारियों एवं कर्मचारियों को 2 से 7 वर्ष की सजा अथवा जुर्माना भी हो सकता है। अतः अनजाने में भी कोई गलती ना करें जो जिम्मेदारी दी गई है उसे ईमानदारी से निभाएं। बैठक के प्रारंभ में जिला विद्यालय निरीक्षक ने माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा बोर्ड परीक्षा को लेकर जारी दिशा निर्देशों से समस्त संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को अवगत कराया। इस दौरान जिला विद्यालय निरीक्षक, अपर पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार, अपर जिलाधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी कुमार अमरेंद्र सहित, समस्त जोनल, सेक्टर, स्टैटिक मजिस्ट्रेट तथा केंद्र एवं वाह्य केंद्र व्यवस्थापक भी उपस्थित रहे।

# दीवा प्रभाग समिति पर अवैध निर्माण को लेकर गंभीर आरोप, हाईकोर्ट के आदेश के बाद भी कार्रवाई पर सवाल

न्यूज वाणी ब्यूरो

ठाणे । ठाणे महानगर पालिका की दीवा प्रभाग समिति एक बार फिर अवैध निर्माण को लेकर विवादों



में घिरती नजर आ रही है। दीवा प्रभाग समिति के अंतर्गत आने वाले ए वीके कंपाउंड, आचार गली और सदरू कंपाउंड जैसे कई इलाकों में पूर्व में अवैध इमारतों पर बड़ी तोडू कार्रवाई की गई थी। उस समय हजारों परिवार बेघर हो गए थे और ऐसा प्रतीत हो रहा था कि अब क्षेत्र में किसी भी प्रकार के अवैध निर्माण को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। यह सख्त कार्रवाई मुंबई हाई कोर्ट के निर्देशों के बाद शुरू हुई थी। हाईकोर्ट ने महानगर पालिका को स्पष्ट आदेश दिया था कि अवैध निर्माण और अवैध बिल्डरों पर बिना किसी भेदभाव के कार्रवाई की जाए। कई महीनों तक चली इस मुहिम के बाद क्षेत्र में अवैध निर्माण पर रोक लगती दिखाई दी। फिर क्यों शुरू हुआ अवैध निर्माण? स्थानीय सूत्रों के अनुसार, कुछ समय बाद हालात बदलने लगे। आरोप है कि दीवा प्रभाग समिति के कुछ अधिकारियों की कथित "अतिरिक्त आय" पर रोक लगने के बाद अवैध बिल्डरों से सांठगांठ कर फिर से निर्माण कार्य शुरू करा दिए गए। ठाणे महानगर पालिका से दीवा प्रभाग समिति की ओर जाने वाले खड़डी रोड पर इन दिनों अवैध गालों (कमर्शियल शेडध्दुकानों) का निर्माण तेजी से हो रहा है। यह वही मार्ग है, जिससे प्रभाग समिति के अधिकारी प्रतिदिन गुजरते हैं। बावजूद इसके, अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। आप देख सकते है ये कमर्शियल अवैध गोडाउन गाला गटर से बिल्कुल लग कर बनाए जा रहे है,ऐसे कई कमर्शियल गाले गोडाउन दुकानें बनाई जारही है और कई बन भी चुके है,सहायक आयुक्त की भूमिका पर सवाल, स्थानीय लोगों का आरोप है कि यह सब कुछ सहायक आयुक्त के नेतृत्व में हो रहा है और जानबूझकर कार्रवाई में देरी की जा रही है। शिकायत करने पर अधिकारियों द्वारा केवल जांच का आश्वासन दिया जाता है, लेकिन कार्रवाई में विलंब के चलते अवैध निर्माण पूरा हो जाता है। क्या यह हाईकोर्ट की अवमानना है? कानूनी विशेषज्ञों का मानना है कि यदि मुंबई हाई कोर्ट के स्पष्ट आदेशों के बावजूद अवैध निर्माण को रोका नहीं जाता या जानबूझकर अनदेखी की जाती है, तो यह आदेश की अवमानना की श्रेणी में आ सकता है। हालांकि, इस पर अंतिम निर्णय न्यायालय ही करेगा। अब आगे क्या? अब देखना यह है कि दीवा प्रभाग समिति इन अवैध निर्माणों पर सख्त कार्रवाई करती है या फिर केवल आश्वासनों तक ही मामला सीमित रहता है। स्थानीय नागरिकों में रोष व्याप्त है और वे पारदर्शी जांच तथा जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। (अगले अंक में इस पूरे प्रकरण का विस्तृत खुलासा प्रस्तुत किया जाएगा।)

# प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना अंतर्गत चयनित 38 ग्रामों की ग्राम विकास योजना हुई स्वीकृत

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच 11 फरवरी। जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जिला स्तरीय अभिसरण समिति की बैठक के दौरान प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना अंतर्गत जनपद में चयनित 38 ग्रामों में अवसंरचनात्मक कार्य कराए जाने हेतु ग्राम विकास योजना को अनुमोदन प्रदान करते हुए अनुमोदित किये गये प्रस्तावों को अग्रिम कार्यवाही हेतु भारत सरकार द्वारा विकसित किये गये पीएम–अजय पोर्टल के माध्यम से मुख्यालय प्रेषित किये जाने के निर्देश दिये गये। डीएम ने सभी सम्बन्धित अधिकारियों तथा सम्बन्धित ग्राम पंचायतों जिन्हें प्रस्तावित कार्यों हेतु कार्यदायी संस्था नामित किया गया है को निर्देश दिया कि वित्तीय वर्ष 2025–26 प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना का टर्मिनल वर्ष है। इसलिए चयनित कार्यों को इसी वित्तीय वर्ष में पूर्ण कराया जाना सुनिश्चित करें। डीएम ने कहा कि प्रत्येक चयनित ग्रामों में रू. 20–20 लाख की धनराशि से नाली निर्माण, सोलर स्ट्रीट लाइट, सोलर हाई मास्ट लाइट, सोंक पिट, कम्पोस्ट पिट, इंडिया मार्का हैंडपंप, आंगनबाड़ी निर्माण, आरसीसी निर्मित छोटी पुलिया इत्यादि का निर्माण कार्य शासन द्वारा निर्धारित मानक एवं गुणवत्ता के साथ कराया जाय। डीएम श्री त्रिपाठी ने एडीओ समाज कल्याण को निर्देश दिया कि प्रस्तावित कार्यों का प्रभावी पर्यवेक्षण करते रहें। डीएम ने कहा कि योजना का मुख्य उद्देश्य से अनुसूचित जातियों की 40 प्रतिशत् से अधिक आबादी वाले गांवों का सर्वांगीण विकास करना, जिससे सभी मूलभूत सुविधाओं का विकास कर लक्षित वर्ग के जीवन स्तर में परिवर्तन लाया जा सके। डीएम ने पंचायती राज, बेसिक शिक्षा, माध्यमिक शिक्षा, समाज कल्याण, आईसीडीएस, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, महिला कल्याण, दिव्यांगजन सशक्तीकरण, विद्युत, खाद्य एवं रसद, लघु सिंचाई, कौशल विकास, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, बैंकिंग इत्यादि विभागों को निर्देश दिया कि लक्षित पात्र असंतृप्त 19295 व्यक्तियों को शीघ्र से शीघ्र विभागीय योजनाओं से आच्छादित कराना सुनिश्चित करें। बैठक का संचालन करते हुए जिला समाज कल्याण अधिकारी श्रद्धा पाण्डेय ने बताया कि केन्द्र प्रायोजित अनुसूचित जाति सब–प्लान हेतु विशेष केन्द्रीय सहायता से प्रधानमंत्री अनुसूचित जाति अभ्युदय योजना के घटक आदर्श ग्राम के अन्तर्गत जनपद में अनुसूचित जाति बाहुल्य ऐसे 38 ग्रामों जहां पर अनुसूचित जाति की आबादी 40 प्रतिशत अधिक है, का चयन भारत सरकार द्वारा किया गया है। चयनित ग्रामों में जनपद के विभिन्न विभागों द्वारा संचालित की जा रही लाभार्थीपरक योजनाओं से पात्र असंतृप्त निवासरत् परिवार के सदस्यों को आच्छादित किया जाना है। जिला समाज कल्याण अधिकारी ने बताया कि भारत सरकार द्वारा निर्धारित किये गये मापदण्डों के अनुसार चयनित ग्रामो में विभाग द्वारा कराये गये लाभार्थीपरक सर्वे में कुल 19295 व्यक्तियों को विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं से आछादित कराये जाने की तैयारी है। इसके अतिरिक्त चयनित ग्रामों में खुली बैठक के माध्यम से तैयार करायी गयी विस्तृत कार्ययोजना (डीपीआर) के अनुसार वीडीपी का अनुमोदन ग्राम स्तरीय अभिसरण समिति से अनुमोदनोपरान्त फीडिंग का कार्य पीएमएजीवाई पोर्टल पर पूर्ण कर लिया गया है। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ संजय कुमार, जिला समाज कल्याण अधिकारी श्रद्धा पाण्डेय, जिला पूर्ति अधिकारी नरेन्द्र तिवारी, जिला प्रोबेशन अधिकारी विनोद राय, जिला विद्यालय निरीक्षक सर्वदानन्द, जिला कार्यक्रम अधिकारी निहारिका विश्वकर्मा, लीड बैंक प्रबन्धक जितेन्द्र मंसद सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी तथा एडीओ समाज कल्याण मौजूद रहे।

# कथा में सुंदर कपिलदेव और देवहूती संवाद किया वर्णन



न्यूज वाणी ब्यूरो

लहरपुर सीतापुर। अनामी ज्योति आश्रम प्रांगण में हो रही श्रीमद् भागवत महापुराण कथा के तृतीय दिवस को कथा व्यास पंडित अखिलेश महराज ने कथा में सुंदर कपिलदेव और देवहूती संवाद का वर्णन किया । जिसमें कपिल देव भगवान ने माता देवहूति को संसार के गर्भस्थ जन्म दुख का वर्णन बताया जीव जब भक्ति योग का आश्रय लेता है भगवान के नाम का आश्रय लेता है तथा भगवत चिंतन करते हुए शरीर का त्याग करता है तो उसको बारंबार गर्भस्थ नहीं होना पड़ता है गर्भ के कासन को नहीं उठाना पड़ता है जीव को भगवत प्राप्ति के साधनों में लीन हो जाना ही श्रेष्ठ बताया गया है इसमें ध्रुव चरित्र का भी वर्णन किया 5 वर्ष के ध्रुव को माता ने ज्ञान कराया जो कि भगवान की शरण में चले जाने पर उसे अचल पद को प्राप्त किया ध्रुव ने जिस पद पर जाने के बाद कभी भी संसार सागर में दोबारा आना नहीं पड़ता है इसलिए भगवान के श्री चरणों में भक्ति का सहारा लेकर के नाम का सहारा लेकर के चिंतन करते हुए जो अपने इस संसार सागर में अपने जीवन को कल्याण में बनाना चाहता है उसको भागवत कथा के बताए हुए मार्ग पर सुंदर से भगवान के चित्रों का श्रवण कथा भक्ति करना नाम का जाप करना ही श्रेष्ठ बताया गया है जिससे जीव को भवसागर का कष्ट नहीं होता है गुजरात से आए हुए भक्तों ने आश्रम स्थित श्री सत्येश्वर महादेव का भव्य श्रृंगार भी किया। मुख्य रूप से मायाबेन पांड्या,रेखा बेन, वर्षाबेन,दिलीप भाई त्रिवेदी, मारुत पुरी, रजनेश,संदीप,आयुष,गोविंदा आदि काफी संख्या श्रद्धालु उपस्थित थे

चित्र परिचय लहरपुर सत्येश्वर महादेव का किया गया भव्य श्रृंगार।

# महिला के गले मंगलसूत्र छीनकर रफुचक्कर हुए टप्पेबाज, जांच में जुटी पुलिस।



न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। थाना कोतवाली नगर अंतर्गत पल्हरी नहर के पास राह चलती महिला का मंगलसूत्र छीनकर चंपत हुए टप्पेबाज। वंदना पत्नी सोमदत्त शर्मा निवासिनी अधाव हाल मुकाम पल्हरी बांदा अधाव गांव से पल्हरी नहर के पास अपने घर जा रही थी तभी बाइक सवार टप्पेबाज महिला से पूछा पेट्रोल पंप कहां है जैसे महिला बताने लगी इतने बीच में बाइक में पीछे बैठे टप्पेबाज ने महिला के गले से मंगलसूत्र छीन लिया और मौके से रफुचक्कर हो गए महिला ने घटना की जानकारी अपने पति को दी पति मौके पर आकर डायल 112 में छिनैती की घटना की जानकारी दी मौके पर पहुंची पुलिस ने घटना का मौका मुआयना कर कालुकुआं मंण्डी समिति चौकी इंचार्ज को मौके पर बुलाकर जांच शुरू कर दी है।

# अनुपूरक बजट को कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित ने बताया निराशाजनक

## –बोले चिकित्सा,शिक्षा,सुरक्षा के नाम पर अपनी पीठ थपथपा रही सरकार



न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। उत्तर प्रदेश शासन द्वारा वित्त मंत्री सुरेश खन्ना द्वारा अनुपूरक बजट नौ लाख बारह हजार करोड़ रूपए का पेश किया गया। इस बजट को लेकर कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित ने अपनी तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि षचिकित्सा, शिक्षा, सुरक्षा के नाम पर स्वयं की अपनी पीठ थपथपा रही भाजपा सरकार का यह बजट घोर निराशाजनक है, आज भी प्रदेश का जनमानस अपने आप को असुरक्षित महसूस करता है, चिकित्सा जगत में सैकड़ों अस्पतालों में डॉक्टरों एवम् अच्छी टेस्टिंग मशीनों का आभाव है, शिक्षा के क्षेत्र में प्रत्येक एक किलोमीटर में संचालित प्राथमिक विद्यालय बन्द किए जा रहे हैं, जो विद्यालय प्रदेश में संचालित हैं उनमें पर्याप्त शिक्षक उपलब्ध नहीं हैं, जनता द्वारा वसूले गए टैक्स का अरबों रुपए पानी की तरह इन क्षेत्रों के लिए आवंटित किया गया है जो मात्र एक खोखला वादा है, इस बजट में समूचे बुंदेलखंड की घोर उपेक्षा की गई है, इस क्षेत्र में किसान, शिक्षित बेरोजगार आत्महत्या करने को मजबूर हैं जबकि बुंदेलखंड संभाग से राज्य सरकार को वन एवम् खनिज सम्पदा से अरबों रुपए राजस्व की प्राप्त होती है, बजट में जहां एक ओर सरकार नारी सशक्तिकरण का नारा देती है, महिलाओं की घोर उपेक्षा की गई है, कांग्रेस पार्टी ऐसे बजट की कड़े शब्दों में निंदा करती है।

# जानलेवा हमले का आरोप, पीड़ित परिवार सहित एसपी से लगाई गुहार



न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। तिन्दवारी थाना क्षेत्र के एक गांव में दबंगों ने एक व्यक्ति पर जानलेवा हमला किया है। पीड़ित व्यक्ति ने पुलिस अधीक्षक को दिए गए शिकायती पत्र में बताया है कि 9 फरवरी 2026 को शाम 6रू30 बजे उसका 5 वर्षीय बच्चा दरवाजे के पास खेल रहा था, तभी मोहल्ले की एक औरत ने बच्चे को थप्पड़ मार दिया। जब पीड़ित ने इसका विरोध किया तो। गांव के ही झम्मन सिंह और शिवा सिंह ने उसे गाली–गलौज करते हुए लात–घूंसों और डंडों से बुरी तरह मारा–पीटा। पीड़ित व्यक्ति का आरोप है कि दबंगों ने उसकी बायीं आंख को फोड़ने का प्रयास किया और उसकी पत्नी के साथ अश्लील हरकतें भी की और लात–घूंसों से मारा पीटा है। जब पीड़ित के छोटे भाई ने 112 नंबर पर फोन किया तो दबंगों ने उसे भी पकड़कर जान से मारने की नियत से आर.सी.सी. में पटककर फेंक दिया। पीड़ित व्यक्ति ने बताया कि उसने सम्बन्धित थाने में लिखित प्रार्थना पत्र दिया, लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई। पीड़ित ने परिवार सहित पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर पुलिस अधीक्षक को लिखित आवेदन पत्र देकर दबंगों के खिलाफ प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कर कानूनी कार्रवाई करने की मांग कि है।

# शुल्क प्रतिपूर्ति भुगतान हेतु संशोधित समय सारिणी हुई जारी

न्यूज वाणी ब्यूरो

मऊ जिला समाज कल्याण अधिकारी अनुज कुमार ने बताया कि दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजनान्तर्गत उच्च कक्षाओं में अध्ययनरत उ०प्र० के मूल निवासी सामान्य वर्ग, अन्य पिछडा वर्ग व अल्पसंख्यक वर्ग के छात्र/छात्राओं को छात्रवृत्ति (शैक्षणिक भत्ता ६ शुल्क प्रतिपूर्ति) भुगतान हेतु संशोधित समय सारिणी निर्गत की गयी है, उन्होंने बताया कि त्रुटिपूर्ण आवेदन को छात्रों के स्तर से सही करने की तिथि 13 फरवरी 2026 तक, छात्रों द्वारा सही आवेदन को जमा करना एवं संस्था द्वारा पुनः अग्रसारित करने की तिथि 18 फरवरी 2026 तक निर्धारित की गई है।

# सदर विधायक सरिता भदोरिया के अथक प्रयासों से 8रू50 करोड़ में बनेगा उत्सव गार्डन



न्यूज वाणी ब्यूरो
इटावा। उत्तर प्रदेश विधानसभा के बजट सत्र के दौरान सदन में पूर्व में उठाए गए जनहित कारी मुद्दों एवं प्रस्ताव की स्वी.ति की जानकारी संबंधित विधायकों को दी गई सदर विधायक सरिता भदोरिया ने बताया कि इटावा नगर में उत्सव गार्डन मनाए जाने का प्रस्ताव उत्तर प्रदेश शासन को उन्होंने विधानसभा के माध्यम से दिया था जिसको आज स्वी.त किए जाने का पत्र प्राप्त हो गया है जिसमें इटावा नगर में विभिन्न कार्यों के साथ इटावा में उत्सव गार्डन बनाने के लिए शासन ने 8रू50 करोड रुपए स्वी.त कर दिए उन्होंने आगे कहा कि रूरा पीलवा महावीर के पास यमुना नदी पर बनने वाला यमुना ब्रिज बनाए जाने का अपना पूर्व के प्रस्ताव को पुनः दोहराया नगर पालिका क्षेत्र में गलियों की समस्या की निदान के लिए भी पैसा स्वी.त कराया गया है।

# मिशन शक्ति फेज 5.0 के तहत ऊसराहार में महिलाओं को किया गया जागरूक

न्यूज वाणी ब्यूरो /इटावा। मिशन शक्ति फेज 5.0 अभियान के अंतर्गत दिनांक 11.02.2026 को थाना ऊसराहार क्षेत्र में पुलिस टीम द्वारा जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान महिलाओं एवं बालिकाओं को मिशन शक्ति के तहत पंपलेट वितरित कर सुरक्षा, स्वास्थ्य और अधिकारों से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियाँ दी गईं। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित महिलाओं और



बालिकाओं को विभिन्न महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई, ताकि किसी भी आपात स्थिति में वे तुरंत सहायता प्राप्त कर सकें। साथ ही उन्हें साइबर अपराध से बचाव, महिला सुरक्षा कानूनों और स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता विषयों पर भी जानकारी प्रदान की गई। पुलिस टीम ने बताया कि जागरूकता ही सुरक्षा का सबसे बड़ा माध्यम है। महिलाओं को प्रेरित किया गया कि वे न सिर्फ खुद जागरूक रहें बल्कि अपने परिवार और समाज में भी इन जानकारियों को साझा करें। अभियान के दौरान पुलिस द्वारा निम्नलिखित हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई . पुलिस आपातकालीन सेवा 112, स्वास्थ्य सेवाध्एंबुलेंस 102 व 108, वीमेन पावर लाइन 1090, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, वीमेन हेल्पलाइन 181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, साइबर अपराध हेल्पलाइन 1930, एलपीजी गैस रिसाव हेल्पलाइन 1906, उपभोक्ता अधिकार हेल्पलाइन 1915। इसके अतिरिक्त महिलाओं को विभिन्न सरकारी योजनाओं के बारे में भी विस्तार से बताया गया, जिनमें विधवा पेंशन योजना, वृद्धावस्था पेंशन योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, नशा मुक्ति भारत अभियान, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, प्रधानमंत्री छात्रवृत्ति योजना, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन तथा आयुष्मान भारत योजना प्रमुख हैं। पुलिस अधिकारियों ने महिलाओं और छात्राओं से अपील की कि वे पढ़ाई को प्राथमिकता दें, सरकारी योजनाओं का लाभ उठाएँ और अपने अधिकारों के प्रति सजग रहें। अभियान के अंत में संदेश दिया गया "सुरक्षित रहें, स्वस्थ रहें और जागरूक बनकर दूसरों को भी जागरूक करें।"

# आईजीआरएस निस्तारण में कानपुर परिक्षेत्र बना प्रदेश में नंबर वन

## -इटावा सहित सभी जनपदों का शानदार प्रदर्शन, शासन की मंशा को मिली मजबूती।

## -समयबद्ध शिकायत समाधान से बढ़ा जनविश्वास, अधिकारियों को मिला सम्मान।

न्यूज वाणी ब्यूरो /इटावा। आईजीआरएस (एकी.त शिकायत निवारण प्रणाली) पोर्टल पर प्राप्त प्रार्थना पत्रों के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण में कानपुर परिक्षेत्र ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है। उल्लेखनीय है कि परिक्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सभी जनपदों . कानपुर देहात, औरैया, इटावा, फतेहगढ़ एवं कन्नौज . ने भी उत्.ष्ट कार्य करते हुए शीर्ष स्थान हासिल किया है। यह उपलब्धि संबंधित जनपद प्रभारियों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों के समन्वित प्रयास, सतत निगरानी तथा प्रभावी कार्यप्रणाली का परिणाम मानी जा रही है। शिकायतों के समयबद्ध और पारदर्शी निस्तारण को सुनिश्चित करने के लिए नियमित समीक्षा बैठकें आयोजित की गईं तथा लंबित प्रकरणों के शीघ्र समाधान हेतु विशेष अभियान चलाया गया। प्रशासन द्वारा शिकायतकर्ताओं से फीडबैक प्राप्त कर निस्तारण की गुणवत्ता पर भी विशेष ध्यान दिया गया, जिससे न केवल शिकायतों का समाधान हुआ बल्कि आमजन का विश्वास भी मजबूत हुआ। यह सफलता शासन की मंशा के अनुरूप सुशासन, पारदर्शिता और जवाबदेही को सुढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है। इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर समस्त संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बधाई देते हुए प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। साथ ही उनसे अपेक्षा की गई है कि वे भविष्य में भी इसी उत्साह, समर्पण और जिम्मेदारी के साथ कार्य करते रहें ताकि जनसंतोष और प्रशासनिक दक्षता में निरंतर वृद्धि हो सके।

# डॉ. ओपी अवस्थी के निधन पर ब्राम्हण चेतना मंच ने की शोक सभा

न्यूज वाणी ब्यूरो/फतेहपुर। ब्राह्मण चेतना मंच द्वारा ग्रे एंड कंपनी जीटी रोड में शिक्षा विद, कवि एवं महान समालोचक व महात्मा गांधी महा विद्यालय से सेवानिवृत्त हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ, ओम प्रकाश अवस्थी के निधन पर एक शोक सभा का आयोजन किया। आयोजित शोक सभा में संस्थान के अध्यक्ष संजय कुमार तिवारी, व संरक्षक राजेंद्र त्रिवेदी, एसपी शुक्ला, ई. देवी प्रकाश दुबे आदि ने स्वर्गीय डॉ. अवस्थी के जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए उनके द्वारा शिक्षा क्षेत्र में किये गये योगदान की व बेहद सरल जीवन की भूरी भूरी प्रशंसा की एवं मंच के अध्यक्ष रहते हुए उनकी सेवाओं को याद कर उन्हें जनपद की अमूल्य निधि करार दिया। वक्ताओं ने गहरा दुःख व्यक्त करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। शोक सभा में संस्थान के नगर अध्यक्ष बृज किशोर शुक्ला, बीरेंद्र दुबे, शिवा कांत दीक्षित, सुधाकर अवस्थी, आदि लोग भी मौजूद रहे।


**उत्तर मध्य रेलवे**

**निविदा सूचना संख्याः 72-विद्युत/सा0/प्रयागराज/25-26** **दिनांक 09.02.2026**

**ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (सामान्य) उत्तर मध्य रेलवे प्रयागराज निर्धारित प्रपत्र पर निम्नलिखित कार्यों हेतु ई-निविदा दिनांक- 04.03.2026 समय 15.00 बजे तक आमंत्रित करते हैं निविदा सम्बंधित विस्तृत विवरण निम्नलिखित है-

| क्र.सं.:1 | निविदा सूचना संख्याः ELG-148-2526 | काम की लागत (₹ में) : ₹ 6525882.66 |
|---|---|---|

**कार्य का नामः** ''शंकरगढ़, प्रयागराज मंडल - शंकरगढ़ गुड्स शेड (क्वेरी साइडिंग) के सुधार से संबंधित विद्युत कार्य।रेलगाँव कॉलोनी में रेलवे अधिकारी क्लब के विस्तार से संबंधित विद्युत कार्य, परियोजना अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए अस्थायी आवासीय और संबद्ध सुविधाओं के लिए।

| बिड सिक्योरिटी (₹में) :₹ 130500.00 | कार्य समाप्त करने की समयावधि : 06 माह |
|---|---|

**निविदा खुलने की तिथि :** 04.03.2026, समय - 15:00 बजे।

इसे सक्षम सीनियर डीईई/जी/पीआरवाईजे का अनुमोदन प्राप्त है।**नोटः- 1.** उपरोक्त ई-टेंडर के साथ पूरी जानकारी (निविदा दस्तावेज़ के साथ) वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर 15.00 बजे निविदा खोलने की तिथि तक उपलब्ध है। **308/26(DG)**

North central railways | @CPRONCR | www.ncr.indianrailways.gov.in


# व्यापार मंडल ने 20 सूत्रीय मांगों को लेकर प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन जिलाधिकारी सौंपा

## -जीएसटी, पेंशन व सुरक्षा सहित 20 मांगों पर कार्रवाई की मांग

न्यूज वाणी ब्यूरो
इटावा। उद्योग व्यापार मंडल उत्तर प्रदेश के आह्वान पर 29 जनवरी को कानपुर में आयोजित प्रांतीय व्यापारी महाधिवेशन में प्रदेशभर से आए व्यापारी नेताओं ने अपनी समस्याओं और मांगों पर विस्तार से मंथन किया। महाधिवेशन की अध्यक्षता राष्ट्रीय अध्यक्ष अनूप शुक्ला के नेतृत्व में सम्पन्न हुई, जिसमें व्यापारियों से जुड़े विभिन्न ज्वलंत मुद्दों पर प्रस्ताव पारित किए गए। महाधिवेशन में निर्णय लिया गया कि प्रदेश के सभी जनपदों में जिलाधिकारी के माध्यम से भारत के प्रधानमंत्री एवं उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री को एक सामूहिक ज्ञापन भेजा जाएगा, ताकि व्यापारियों की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर कराया जा सके। इसी क्रम में जनपद इटावा में व्यापार मंडल के प्रतिनिधियों द्वारा जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया। व्यापारियों ने कहा कि वर्तमान समय में छोटे और मध्यम व्यापारी अनेक प्रशासनिक, कर संबंधी और आर्थिक समस्याओं से जूझ रहे हैं, जिनके समाधान के बिना व्यापारिक वातावरण सुदृढ़ नहीं हो सकता। ज्ञापन सौंपने के दौरान जिला अध्यक्ष सुधीर गुप्ता, जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष के.के. त्रिपाठी, नगर अध्यक्ष भरथना क्षेत्रपाल सिंह यादव, जिला सचिव जोगेंद्र सिंह, नीरज गुप्ता, जिला सचिव राजीव गुप्ता, प्रदीप गुप्ता सहित अन्य व्यापारी उपस्थित रहे। व्यापार मंडल पदाधिकारियों ने कहा कि सरकार को व्यापारियों के हित में त्वरित निर्णय लेने चाहिए। यदि मांगों पर गंभीरता से विचार नहीं किया गया तो व्यापारी वर्ग व्यापक आंदोलन के लिए बाध्य होगा। प्रदेश के सभी जनपदों में ज्ञापन सौंपने के बाद एक प्रतिनिधिमंडल माननीय मुख्यमंत्री से मिलकर अपनी मांगों को सीधे उनके समक्ष भी रखेगा। व्यापारियों की प्रमुख मांगों में ऑनलाइन शॉपिंग पर रोक या दुकानदारों को जीएसटी एवं आयकर में विशेष छूट दी जाए, व्यापारी सुरक्षा आयोग का तत्काल गठन हो,



जीएसटी के फार्मों की जटिलता दूर हो, ब्रांडेड गल्लों को टैक्स फ्री किया जाए, सरकारी समितियों का गठन कर व्यापारियों को सम्मिलित किया जाए, पेट्रोल डीजल जीएसटी के दायरे में हो, ई वे बिल की सीमा दो लाख से शुरू हो, एफडीआई की समाप्ति हो, व्यापारियों की राजनीति में अहम हिस्सेदारी हो, हस्त निर्मित पीतल के बर्तनों को लघु उद्योग का दर्जा हो, छोटे और मध्यम स्तर के व्यापारियों को सरकार से अधिक से अधिक राहत मिले, छोटे दुकानदार एवं फेरीवालों के विस्थापन के लिए नीति निर्धारण किया जाए एवं उनको दुकान दी जाए, महंगाई नियंत्रण के लिए वायदा कारोबार पर रोक लगे, व्यापारी बीमा राशि दोगुना हो, व्यापारियों की पेंशन लागू हो, व्यापारी समस्या समाधान हेतु सिंगल विंडो सिस्टम लागू हो, छोटे मध्यम व्यापारियों को रियायती दर पर बैंकों से लोन सुगमता से मिले, मंडी शुल्क की समाप्ति हो, जीएसटी अधिकारियों द्वारा छापेमारी के नाम पर उत्पीड़न न हो शामिल हैं।

# 'समर्पण दिवस' पर भाजपा ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय को दी भावभीनी श्रद्धांजलि

न्यूज वाणी ब्यूरो
इटावा। भारतीय जनता पार्टी जिलाध्यक्ष अरुण कुमार श्अन्नूश् गुप्ता की अध्यक्षता में सिचाई विभाग गेस्ट हाउस में पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि 'समर्पण दिवस' पर पुष्पांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को मुख्य अतिथि के रूप में सम्बोधित करते हुए भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष, महिला कल्याण निगम अध्यक्ष व जनपद प्रभारी कमलावती सिंह ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि प्रत्येक वर्ष 11 फरवरी को मनाई जाती है, जिसे भाजपा 'समर्पण दिवस' के रूप में श्रद्धापूर्वक मनाती है। उन्होंने बताया कि उपाध्याय का निधन 11 फरवरी 1968 को हुआ था। वे भारतीय जनसंघ के




सह–संस्थापक और प्रमुख राष्ट्रवादी विचारक थे। पंडित दीनदयाल उपाध्याय 'अंत्योदय' समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचाने के पक्षधर थे। जब तक सबसे कमजोर और वंचित व्यक्ति का उत्थान नहीं होता, तब तक विकास अधूरा रहता है। वास्तविक प्रगति का आकलन गरीब और वंचित वर्ग को मिल रहे लाभ के आधार पर ही किया जाना चाहिए। पंडित दीनदयाल उपाध्याय के 'एकात्म मानववाद' की विचारधारा को देश के लिए नई दिशा देने वाला बताया। उन्होंने कहा कि उपाध्याय स्वदेशी और लघु उद्योगों के प्रबल समर्थक थे और आत्मनिर्भर भारत की संकल्पना को आगे बढ़ाने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही। कार्यक्रम में अपने समापन उद्बोधन में सम्बोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष अन्नू गुप्ता ने कहा कि समर्पण दिवस मुख्य रूप से प्रतिवर्ष 11 फरवरी को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) द्वारा महान विचारक और जनसंघ के संस्थापक पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर मनाया जाता है। यह दिन उनके श्एकात्म मानववादश और श्अंत्योदयश (समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास) के दर्शन को याद करने, कार्यकर्ताओं द्वारा आजीवन सहयोग निधि समर्पित करने और राष्ट्रसेवा के संकल्प के लिए समर्पित होता है। भाजपा जिलाध्यक्ष अन्नू गुप्ता ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के आदर्शों पर चलने और उनके सिद्धांतों को जन–जन तक पहुंचाने का संकल्प लेते हुए कार्यक्रम का समापन किया। कार्यक्रम को निवर्तमान जिलाध्यक्ष संजीव राजपूत, पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ रमाकांत शर्मा, गोपाल मोहन शर्मा आदि ने सम्बोधित करते हुए पं. दीनदयाल उपाध्याय के जीवन पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का कुशल संचालन जिला उपाध्यक्ष व कार्यक्रम संयोजक देवप्रताप भदौरिया ने किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पूर्व सांसद विधायक रघुराज शाक्य, पूर्व विधायक सावित्री कठेरिया, सिद्धार्थ शंकर दोहरे, जिला महामंत्री शिवाकांत चौधरी, जिला उपाध्यक्ष हरनाथ कुशवाह, जिला मंत्री जितेंद्र गौड़, रजत चौधरी, राजकमल यादव, ममता कुशवाहा, डॉ ज्योति वर्मा, चक्रेश जैन कोषाध्यक्ष संजीव भदौरिया, सतेंद्र राजपूत, राजवर्धन सिंह भदौरिया, जिला मीडिया प्रभारी रोहित शाक्य , महिला मोर्चा अध्यक्ष विरला शाक्य, अनुसूचित मोर्चा अध्यक्ष उदयवीर दोहरे, मुकेश यादव, बासु चौधरी, मोनू चौहान, समीर सक्सेना, नीतू नारायण मिश्रा, प्रमिला पालीवाल, सत्यम राजपूत सहित जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, मोर्चा अध्यक्ष, पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

# ऑपरेशन कन्विक्शन में इटावा पुलिस की बड़ी सफलता, गैंगस्टर एक्ट में तीन दोषियों को सजा

## -प्रभावी पैरवी का असर, एडीजे गैंगस्टर कोर्ट ने सुनाई 2.2 वर्ष की कैद और जुर्माना

न्यूज वाणी ब्यूरो
इटावा। 11 फरवरी 2026, इटावा पुलिस द्वारा चलाए जा रहे ऑपरेशन कन्विक्शन अभियान के तहत प्रभावी पैरवी के चलते आज दिनांक 11.02.2026 को अभियुक्तों को न्यायालय से सजा दिलाई गई, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा बृजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई और न्यायालय से दंड दिलाने हेतु विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है, इसी क्रम में थाना कोतवाली क्षेत्र से संबंधित गैंगस्टर एक्ट के प्रकरण में मा० न्यायालय एडीजे–10ध् विशेष गैंगस्टर कोर्ट इटावा द्वारा अभियुक्तों को 2.2 वर्ष का कारावास तथा 5000–5000 रुपये के अर्थदंड से दंडित किया गया। थाना कोतवाली क्षेत्र में अभियुक्तों द्वारा संगठित गैंग बनाकर भौतिक लाभ के लिए जघन्य अपराध कारित करने और क्षेत्र में भय का वातावरण उत्पन्न करने की सूचना के आधार पर दिनांक 04.01.2006 को मु०अ०सं० 06ध्2006 धारा 3(1) यू0पी0 गैंगस्टर एक्ट के अंतर्गत अभियोग पंजी.त किया गया, विवेचना अधिकारी निरीक्षक महेश चन्द्र द्वारा साक्ष्य संकलन कर आरोप पत्र न्यायालय में प्रेषित किया गया, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में थाना कोतवाली पुलिस टीम, पैरोकार कांस्टेबल अक्षय मोदी, मॉनिटरिंग सेल तथा एडीजीसी श्री संजीव कुमार चतुर्वेदी द्वारा न्यायालय में प्रभावी पैरवी की गई, नियत तिथियों पर गवाहों को प्रस्तुत कर साक्ष्य पेश किए गए, जिसके परिणामस्वरूप न्यायालय ने अभियुक्तों को दोषी पाते हुए सजा सुनाई। सजायाता अपराधी आशू उर्फ गौरव शर्मा पुत्र गोविन्द निवासी पक्का बाग थाना कोतवाली जनपद इटावा, नीरज शर्मा




पुत्र महेश बाबू निवासी पुरोहितन टोला थाना कोतवाली जनपद इटावा, सौरभ शुक्ला पुत्र शरण शुक्ला निवासी 340 छिपैटी थाना कोतवाली जनपद इटावा, इटावा पुलिस ने बताया कि अपराधियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई और न्यायालय से सजा दिलाने का अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा।

# सुनील वर्मा और जितेन्द्र प्रजापति बने जोन अध्यक्ष, कार्यकर्ताओं में उत्साह

## -एससीएसटी आयोग सदस्य रमेशचन्द्र कुण्डे ने 2027 चुनाव की तैयारियों का किया आह्वान।

न्यूज वाणी ब्यूरो
इटावा। अपना दल (एस) ने




जनपद इटावा में संगठन को मजबूत करने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए नए पदाधिकारियों की नियुक्ति की है। एससीएसटी उत्तर प्रदेश आयोग के सदस्य एवं अपना दल (एस) इटावा प्रभारी रमेशचन्द्र कुण्डे (जालौन) के इटावा आगमन पर पार्टी गतिविधियों में तेजी देखी गई। इटावा पहुंचने के बाद श्री कुण्डे ने पार्टी के विधानसभा अध्यक्ष मुकेश कुमार के आवास विकास कॉलोनी स्थित आवास पर पहुंचकर उनकी स्वर्गीय माताजी तथा पार्टी के संस्थापक अध्यक्ष डॉ. सोनेलाल पटेल के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके पश्चात पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ संगठनात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान सुनील कुमार वर्मा एवं जितेन्द्र प्रजापति को जोन अध्यक्ष नियुक्त किया गया। उनका स्वागत एससीएसटी आयोग सदस्य रमेशचन्द्र कुण्डे एवं राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य डॉ. हरीशंकर पटेल ने संयुक्त रूप से बैज पहनाकर, माल्यार्पण कर तथा पार्टी पट्टिका ओढ़ाकर किया। श्री कुण्डे ने कार्यकर्ताओं से आगामी पंचायत चुनाव में अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वान किया तथा विधानसभा चुनाव 2027 की तैयारियों में अभी से जुट जाने पर जोर दिया। उन्होंने प्रत्येक जोन के अंतर्गत चार–चार सेक्टर अध्यक्ष नियुक्त करने के निर्देश दिए। साथ ही सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि अगले माह पार्टी का कार्यालय खोलकर नियमित मासिक बैठकें आयोजित की जाएंगी। राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य डॉ. हरीशंकर पटेल ने संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने तथा पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती अनुप्रिया पटेल का इटावा में कार्यक्रम आयोजित कराने पर बल दिया। विधानसभा अध्यक्ष मुकेश कुमार ने सभी आगंतुक पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं का स्वागत करते हुए बैठक के समापन की घोषणा की। इस अवसर पर विनोद पटेल (कार्यालय प्रभारी कानपुर), हरिओम सिंह चौहान (कार्यवाहक जिला अध्यक्ष), डॉ. सुधीर सविता (जिला सचिव), अनुपम पटेल, इंजीनियर राजेश कुमार वर्मा सहित अनेक पदाधिकारियों ने संगठन विस्तार पर अपने विचार रखे। कार्यक्रम का सफल संचालन एडवोकेट अमित चौरसिया ने किया। बैठक में निखिल सविता, हामिद अंसारी, मोहम्मद सोहिल, हिसाम, सैक, आमिर, उमर, सुफियान सहित बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# महोबा दिवस पर पर्यावरण पहरुवा प्रवीण पाडेय हुए सम्मानित

## -बुंदेलखंड राज्य निर्माण व जल संरक्षण आंदोलन को लेकर सराहा गया योगदान

न्यूज वाणी ब्यूरो
खागा/फतेहपुर। महोबा दिवस के अवसर पर आल्हा चौक स्थित अंबेडकर पार्क में आयोजित भव्य कार्यक्रम में खागा विजय नगर निवासी बुंदेलखंड राष्ट्र समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पर्यावरण पहरूवा प्रवीण पांडेय को बुंदेली समाज द्वारा सम्मानित किया गया। प्रवीण पांडेय ने बुंदेलखंड राज्य निर्माण आंदोलन को जन–जन तक पहुंचाने के लिए ऐतिहासिक कार्य किए हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री को 51 बार अपने खून से पत्र लिखकर अलग बुंदेलखंड राज्य की मांग को राष्ट्रीय स्तर पर उठाया। इसके साथ ही एक लाख से अधिक "राखी पाती" भेजवाकर उन्होंने भावनात्मक जनआंदोलन खड़ा किया। कार्यक्रम में उनकी पदयात्राओं, जल, जंगल व जमीन के संरक्षण हेतु चलाए जा रहे अभियानों तथा नदी, तालाब और झीलों के संरक्षण के लिए किए जा रहे सतत प्रयासों की विशेष सराहना की गई। वर्ष 2024 में प्रकाशित उनकी पुस्तक "जलनिधियों को जीने दो" को भी जल संरक्षण विषय पर एक



महत्वपूर्ण वैचारिक दस्तावेज बताया गया। बुंदेली समाज के संयोजक तारा पाटकर तथा बुंदेलखंडी महामंत्री अजय बरसाइयां ने पांडेय को प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

# बिजली चोरी पर बड़ी मार, दो दिन में 8 उपभोक्ताओं पर कार्रवाई

## –बिजली चोरों पर कसा शिकंजा, वीडियो साक्ष्यों के साथ दर्ज हुए मुकदमे।।

## –18 किलोवाट अवैध लोड पकड़ा गया।



न्यूज वाणी ब्यूरो
इटावा। 11 फरवरी 2026 विद्युत वितरण मंडल इटावा द्वारा चलाए गए विशेष चेकिंग अभियान के तहत बिजली चोरी के मामलों में बड़ी कार्रवाई की गई, अधीक्षण अभियंता के निर्देश पर विजिलेंस टीम व विद्युत विभाग के अधिकारियों ने संयुक्त रूप से छापेमारी की, दिनांक 11.02.2026 को उपखंड अधिकारी प्रथम नवनीत कुमार व अवर अभियंता विनोद यादव द्वारा 33ध्11 केवी उपकेंद्र मैनपुरी फाटक से पोषित क्षेत्रों में मॉर्निंग रेड की गई, जांच के दौरान मीना कुमारी मीटर टेंपरिंग करते हुए 2 किलोवाट लोड पर, धूपश्री मीटर बाईपास कर 2 किलोवाट लोड पर, बच्चन लाल उर्फ अजर खान बिना कनेक्शन 1 किलोवाट लोड पर, शान मुहम्मद पुत्र अजीमुल्ला बिना कनेक्शन 1 किलोवाट लोड पर, रेनू पत्नी रोहित अतिरिक्त केबल डालकर 2 किलोवाट लोड पर बिजली चोरी करते पाए गए, इस प्रकार इस अभियान में कुल 8 किलोवाट अवैध लोड पकड़ा गया, सभी के विरुद्ध विद्युत अधिनियम 2005 की धारा 135 एवं 126 के अंतर्गत कार्रवाई की गई। इसी क्रम में दिनांक 10.02.2026 को उपखंड अधिकारी तृतीय गगन अहिरवार व अवर अभियंता इन्द्रजीत पंडित द्वारा गंगा विहार कॉलोनी आईटीआई क्षेत्र में बिजली मित्र पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के आधार पर जांच की गई, जांच के दौरान राधा यादव पत्नी मनोज कुमार अतिरिक्त केबल के माध्यम से 4 किलोवाट लोड पर, रश्मि यादव पत्नी संतोष कुमार मीटर टेंपरिंग कर 4 किलोवाट लोड पर, उपमा पत्नी नंदकिशोर मीटर टेंपरिंग कर 2 किलोवाट लोड पर बिजली चोरी करते पाई गईं, यहां कुल 10 किलोवाट अवैध लोड पकड़ा गया, सभी मामलों की मौके पर वीडियोग्राफी कर साक्ष्य संकलित किए गए तथा विद्युत अधिनियम 2005 की धारा 135 के अंतर्गत विधिक कार्रवाई की गई, विभाग ने स्पष्ट किया है कि आगे भी बिजली चोरी के विरुद्ध अभियान जारी रहेगा तथा उपभोक्ताओं से वैध कनेक्शन लेकर ही बिजली उपयोग करने की अपील की गई है।

# लालपुरा जैन मंदिर में 12 से शुरू होगा पच्चीस मंडलीय सिद्धचक्र महामंडल विधान

न्यूज वाणी ब्यूरो
इटावा। शहर के श्री पारसनाथ दिंगबर जैन मंदिर लालपुरा मे तपस्वी सम्राट आचार्य श्री 108 सन्मति सागर महाराज जी के अतिंम शिष्य आचार्य श्री 108 सुबल सागर महाराज जी के सांनिध्य मे आगामी 12 फरवरी से 19 फरवरी



तक आयोजित होने वाले पच्चीस मंडलीय सिद्ध चक्र महामंडल विधान के संबंध में बुधवार को एक प्रेस वार्ता आयोजित की गई। इस अवसर पर आचार्य श्री ने विधान की विस्तृत जानकारी दी।आचार्य श्री ने बताया कि इस महामंडल विधान में सिद्ध परमेष्ठी भगवान की आराधना की जाएगी। उन्होंने कहा कि सिद्धों की भक्ति और आराधना से संचित अशुभ कर्मों का क्षय होता है तथा आत्मा की शुद्धि का मार्ग प्रशस्त होता है। जैन धर्म के सिद्धांतों पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने पांच महाव्रतों अहिंसा, सत्य, अचौर्य, ब्रह्मचर्य और अपरिग्रह को जीवन में धारण करने का संदेश दिया।जैन समाज अध्यक्ष संजू जैन ठेकेदार ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत कल सुबह भव्य घट यात्रा के साथ होगी, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है।प्रेस वार्ता में यह भी जानकारी दी गई कि बरासो में मुनि श्री सुबल सागर महाराज के निर्देशन में 414 फुट ऊंचे सुमेरु पर्वत का निर्माण किया जाएगा। इसके साथ ही 51 फुट ऊंची पद्मासन मुद्रा में भगवान की भव्य प्रतिमा भी स्थापित की जाएगी।पत्रिका का विमोचन किया गया।इस अवसर पर चक्रेश जैन महावीर जैन सोनू जैन पीयूष जैन सौरव जैन बंटी जैन वैभव जैन चिंटू जैन भोलू जैन सहित श्री दिगंबर जैन साधु सेवा समिति के सदस्य एवं समाज के अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।







# दीवार ढहने से पिता पुत्र सहित राजमिस्त्री घायल

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। कल्यानपुर थाना क्षेत्र के सुबेदार खेडा में बुधवार की सुबह दिवार ढहने से राजगीर सहित तीन लोग घायल हो गये। जिन्हे उपचार के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार सुबेदार खेड़ा गांव निवासी पूरनसिंह का 55 वर्षीय पुत्र रामसिंह के घर का निर्माण हो रहा था। जिस पर मकसूदन खेडा गांव निवासी राजमिस्त्री गंगा प्रसाद 70 वर्ष उसके घर का निर्माण कर रहा था। तभी अचानक दिवार ढह जाने से मकान मालिक रामसिंह बाउ पुत्र रामसिंह व राजमिस्त्री घायल हो गया। जिन्हे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया।

# ट्रक से कुचलकर युवक की मौत

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। मंगलवार रात को ट्रक में बैठकर मौसेरे भाई के साथ वाराणसी जा रहे दो युवकों को ट्रक चालक ने हाइवे पर अहिरनखेड़ा दुर्गा मंदिर के पास उतार दिया। तभी कानपुर की तरफ से आ रहे ने एक युवक को ट्रक ने कुचल दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा और परिजनों को सूचना दी। कानपुर नगर के थाना महाराजपुर के गांव नौगवां गौतम निवासी सुरेश प्रजापति का पुत्र चंद्रप्रकाश उर्फ कल्लू उम्र 22 अपने मौसेरे भाई शालू प्रजापति के साथ मंगलवार शाम को छह बजे सिकठिया से ट्रक में बैठकर वाराणसी स्थित एक गुटखा फैक्टरी में काम करने के लिए जा रहे थे। रात को लगभग दस बजे ट्रक चालक से विवाद होने पर उसने दोनों युवकों को अहिरनखेड़ा दुर्गा मंदिर के पास उतार दिया। मौसेरे भाई शालू प्रजापति ने बताया कि चंद्रप्रकाश उर्फ कल्लू शराब के नशे में बार बार बीच हाइवे की तरफ भाग रहा था। तभी कानपुर की तरफ से आ रहे ट्रक की चपेट में आने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। बताया कि रात के अंधेरे में पीछे से आ रही कई गाडियां शव के ऊपर से निकल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मृतक तीन भाइयों में छेदीलाल, ओमप्रकाश से छोटा था तथा अविवाहित था। मृतक की मां गुजराना बेटे की मौत की खबर सुनकर बेसुध रही। थानाध्यक्ष सुमित देव पांडेय ने बताया कि मृतक शराब के नशे में ट्रक चालक से विवाद कर रहा था। तभी उसने इसे ट्रक से उतार दिया था। फिर नशे में बीच हाइवे की तरफ भागने पर अज्ञात ट्रक की चपेट में आने से मौत हुई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

# कृषक गोष्ठी में किसानों को किया जागरूक



न्यूज वाणी ब्यूरो

खागा/फतेहपुर। विकास खंड ऐरायां में बुधवार को रबी फसलों की उन्नत खेती एवं नवीन .षि तकनीकों के प्रसार हेतु एक भव्य किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के बड़ी संख्या में .षकों ने प्रतिभाग किया। कृषि विशेषज्ञों से सीधे वार्ता कर महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्राप्त कीं। गोष्ठी का उद्देश्य रबी फसलों की उत्पादकता बढ़ाना, उन्नत बीजों का प्रयोग, मृदा स्वास्थ्य सुधार तथा समेकित कीट एवं रोग प्रबंधन के प्रति किसानों को जागरूक करना रहा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख अनुज प्रताप सिंह ने किसानों को वैज्ञानिक विधियों को अपनाने तथा गुणवत्तापूर्ण बीज एवं संतुलित उर्वरक उपयोग पर बल दिया। उन्होंने कहा कि सरकार किसानों की आय दोगुनी करने हेतु प्रतिबद्ध है और विभिन्न योजनाओं के माध्यम से किसानों को तकनीकी एवं आर्थिक सहयोग प्रदान किया जा रहा है। उन्होंने किसानों से अपील कि वे विभागीय योजनाओं का अधिकतम लाभ उठाएं और आधुनिक कृषि तकनीकों को अपनाकर उत्पादन बढ़ाएं। गोष्ठी के नोडल अधिकारी अमित कुमार मिश्रा, भूमि संरक्षण अधिकारी ने मृदा संरक्षण, खेत तालाब, जल संचयन एवं भूमि सुधार संबंधी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि रबी फसलों में संतुलित उर्वरक प्रबंधन और जैविक तत्वों के प्रयोग से मिट्टी की उर्वरता को लंबे समय तक बनाए रखा जा सकता है। कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिकों ने रबी फसलों में रोग एवं कीट नियंत्रण, उन्नत किस्मों का चयन, समय पर बुवाई, बीज शोधन तथा पोषक तत्व प्रबंधन पर वैज्ञानिक जानकारी दी। उन्होंने विशेष रूप से दलहनी फसलों में राइजोबियम कल्चर के उपयोग, सल्फर एवं जिंक के महत्व तथा समेकित पोषक तत्व प्रबंधन पर जोर दिया। एसएमएस विनय कुमार एवं संजय सिंह (एडीओ पीपी) ने फसल सुरक्षा, कीटनाशक के सुरक्षित उपयोग एवं मौसम आधारित .षि सलाह पर प्रकाश डाला। राजकीय बीज गोदाम प्रभारी विक्रम सिंह ने प्रमाणित बीजों की उपलब्धता एवं वितरण प्रक्रिया की जानकारी दी। कार्यक्रम में देवेंद्र मिश्र, देवेंद्र सिंह, हरिश्चंद्र सिंह एवं संदीप यादव मौजूद रहे।

# मछली से लदी पिकअप पलटी, मची अफरा-तफरी

न्यूज वाणी ब्यूरो

खागा/फतेहपुर। किशनपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत मोगरिहापुर और बरैची के बीच बुधवार को उस समय अफरा–तफरी मच गई, जब मछलियों से लदी पिकअप वाहन अचानक अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गई। हादसा इतना भीषण था कि वाहन में भरी मछलियां सड़क पर दूर–दूर तक बिखर गईं, जिससे मार्ग पर आवागमन बाधित हो गया और मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई।



प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, पिकअप तेज रतार में थी और अचानक सामने आए गड्ढे से बचने के प्रयास में चालक का संतुलन बिगड़ गया। इसके बाद वाहन पलट गया। हादसे में चालक और वाहन में सवार एक अन्य व्यक्ति को मामूली चोटें आईं, जिन्हें प्राथमिक उपचार के लिए नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया। गनीमत रही कि इस दुर्घटना में कोई गंभीर जनहानि नहीं हुई। घटना की सूचना मिलते ही किशनपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और यातायात को सुचारु कराया। पुलिस ने क्षतिग्रस्त वाहन को सड़क से हटवाकर मार्ग को साफ कराया। वहीं, सड़क पर बिखरी मछलियों को देखने के लिए स्थानीय ग्रामीणों की भारी भीड़ जमा हो गई। कुछ लोग मछलियां बटोरते भी नजर आए। पुलिस ने बताया कि प्राथमिक जांच में तेज रतार और सड़क की खराब स्थिति हादसे का कारण मानी जा रही है। मामले की जांच की जा रही है। पुलिस ने वाहन चालक को सतर्कता बरतने और निर्धारित गति सीमा में वाहन चलाने की सलाह दी है। इस हादसे से कुछ समय के लिए क्षेत्र में यातायात प्रभावित रहा, जिससे राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय संगठन व कार्यकर्ताओं के प्रेरणा स्रोत-पूनम

## -जीवन चरित्र को आधार बना आगे बढ़ने के संकल्प को दोहराया

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। भारतीयजनसंघ के संस्थापक सदस्य, एकात्म मानववाद के प्रणेता श्रद्धेय पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर बुधवार को शहर के सीपीएस विद्यालय में उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर मनांई गई, कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय महामंत्री व सदस्य महिला आयोग पूनम द्विवेदी उपस्थित रहीं, श्रीमती द्विवेदी ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय का सशक्त राष्ट्र के निर्माण तथा समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक विकास की ज्योति पहुंचाने का संदेश हम सभी के लिए अप्रतिम प्रेरणा का स्रोत है, भाजपा का जो विराट सेवा संगठन का स्वरूप है, उसके पीछे श्रद्धेय पंडित दीनदयाल उपाध्याय के विचारों की शक्ति हमें अनवरत ऊर्जित करती है, देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा दीनदयाल उपाध्याय के अन्त्योदय




के संकल्प के साथ विभिन्न सामाजिक आयामों में बढ़ रही हैं, फ्री राशन वितरण, प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान भारत योजना, हर घर जल, सभी को समान अवसर देते हुए उनके सपनों को साकार किया जा रहा है। जिलाध्यक्ष अन्नू श्रीवास्तव द्वारा उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए कहा कि श्रद्धेय पंडित दीनदयाल उपाध्याय के आदर्शों पर चलकर उन्हें सादर श्रद्धांजलि अर्पित कर सकते हैं ऐसे पुण्यमार्ग दिखाने वाले श्रद्धेय की पावन स्मृतियों को हम नमन करते हैं, जिला मीडिया प्रभारी प्रवीण सिंह ने बताया कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि को पार्टी समर्पण दिवस के रूप में मनाती है, संगठन से जुड़े पदाधिकारी व कार्यकर्ता बंन्धु स्वेच्छानुसार समर्पण राशि पार्टी को प्रदान करते हैं पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं द्वारा समर्पण धनराशि चेक द्वारा समर्पित की गई, कार्यक्रम का संयोजन जिला मंत्री कुलदीप भदौरिया व सह संयोजन जिला कोषाध्यक्ष विवेक श्रीवास्तव धीरू ने किया। इस मौके पर पूर्व जिलाध्यक्ष दिनेश बाजपेई, उदय लोधी, नीरज सिंह, पुष्पराज पटेल, अर्चना त्रिपाठी, अपर्णा सिंह गौतम, कुलदीप भदौरिया, ज्ञानेंद्र सचान, प्रवीण कुमार सिंह, मधुराज विष्वकर्मा, सुशीला मौर्या, पुष्पा पासवान, सुमित द्विवेदी, राधा साहू, ज्ञानचंद केसरवानी, सुरेन्द्र सोनकर, जसवंत गिहार, सुशील चन्देल, विजय प्रताप सिंह, अंकित मिश्रा सहित पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# नकलविहीन व शान्तिपूर्ण बोर्ड परीक्षा कराने के लिए अधिकारियों को दिए निर्देश

## -अपर जिलाधिकारी ने बैठक कर दिया प्रशिक्षण

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद, प्रयागराज द्वारा आयोजित हाईस्कूल, इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा वर्ष–2026 के .ष्टिगत प्रशिक्षण, ब्रीफिंग संबंधी बैठक अपर जिलाधिकारी (वि.रा.) अविनाश त्रिपाठी की अध्यक्षता में सरदार वल्लभ पटेल प्रेक्षागृह में संपन्न हुई। उन्होंने निर्देशित किया कि बोर्ड परीक्षा को नकलविहीन, सुचितापूर्ण एवं शांतिपूर्ण ढंग से सकुशल संपन्न कराने हेतु नियुक्त अधिकारी, कर्मचारी अपने–अपने दायित्वों का निर्वहन पूर्ण संवेदनशीलता के साथ परिषद द्वारा जारी दिशा–निर्देशों के अनुरूप करें। उन्होंने कहा कि परिषद के सभी दिशा–निर्देशों का भली–भांति अध्ययन कर लिया जाए, ताकि परीक्षा निर्विघ्न रूप से संपन्न हो सके। उन्होंने केंद्र व्यवस्थापकों को निर्देश दिए कि अपने–अपने परीक्षा केंद्रों पर मूलभूत व्यवस्थाओं (फर्नीचर, शौचालय, विद्युत आपूर्ति, सीसीटीवी कैमरों की क्रियाशीलता आदि) की पूर्व जांच कर सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त रखें। परीक्षा केंद्रों पर परीक्षार्थियों की सघन तलाशी सुनिश्चित की जाए, जिससे कोई भी परीक्षार्थी परीक्षा कक्ष में अनुचित साधन न ले जा सके। बालिकाओं की तलाशी केवल महिला अधिकारी, कर्मचारी द्वारा ही कराई जाए, इसका विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने बताया कि परीक्षा को सकुशल संपन्न कराने हेतु आवश्यकतानुसार पुलिस बल की भी तैनाती की गई है। जिला विद्यालय निरीक्षक ने परिषद द्वारा जारी दिशा–निर्देशों पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए बताया कि हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट की बोर्ड परीक्षा 18 फरवरी 2026 से 12 मार्च 2026 तक दो पालियों में आयोजित होगी। प्रथम पाली प्रातः 8:30 से 11:45 बजे तक तथा द्वितीय पाली सायं 02:00 बजे से



05:15 बजे तक आयोजित की जाएगी। जनपद के 117 परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा संपन्न होगी। हाईस्कूल परीक्षा में 36,701 परीक्षार्थी तथा इंटरमीडिएट परीक्षा में 29,738 परीक्षार्थी सम्मिलित होंगे। परीक्षा की सुचारु निगरानी हेतु जनपद को 03 जोन एवं 15 सेक्टर में विभाजित किया गया है। सभी परीक्षा केंद्रों को ऑनलाइन माध्यम से राज्य स्तर के कंट्रोल रूम से जोड़ा गया है। साथ ही जनपद स्तर पर राजकीय इंटर कॉलेज, में कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है, जहां से परीक्षा केंद्रों पर स्थापित सीसीटीवी कैमरों की निगरानी संवेदनशीलता के साथ की जाएगी। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी, उपायुक्त मनरेगा, उपायुक्त स्वरोजगार, पुलिस क्षेत्राधिकारी नगर, एसोसिएट जिला विद्यालय निरीक्षक, जोनल एवं सेक्टर मजिस्ट्रेट, स्टैटिक मजिस्ट्रेट, केंद्र व्यवस्थापक, वाह्य केंद्र व्यवस्थापक सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# शिक्षक विरोधी बयान पर भड़के गुरुजी, केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री का पुतला फूंका

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। केन्द्रीय शिक्षा राज्यमंत्री जयंत चौधरी द्वारा लोकसभा में शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) उत्तीर्ण प्रकरण को लेकर दिए गए बयान के विरोध में बुधवार को शिक्षकों का आक्रोश फूट पड़ा। उत्तर–प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के तत्वावधान में जनपद के सैकड़ों शिक्षकों ने जिलाध्यक्ष राजेंद्र सिंह और जिलामंत्री विजय त्रिपाठी के नेतृत्व में केंद्रीय मंत्री का पुतला दहन किया और अपना कड़ा विरोध दर्ज कराया। एकजुट होकर लड़नी होगी। प्रदर्शन के दौरान शिक्षकों को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष राजेंद्र सिंह ने कहा कि सदन में दिया गया बयान शिक्षक समाज के हितों के विरुद्ध है। उन्होंने सभी शिक्षकों को संघर्ष के लिए तैयार रहने का आह्वान करते हुए कहा कि हमारी एकजुटता ही हमें इस काले कानून से मुक्ति दिलाएगी। न्यायालय से लेकर सड़क तक संघर्ष का संकल्परू जिलामंत्री जिलामंत्री विजय त्रिपाठी ने कहा कि सरकार और न्यायालय, दोनों ही स्तरों पर शिक्षकों को टीईटी से मुक्त कराने के लिए संगठन पूरी शक्ति के साथ लड़ाई लड़ेगा। उन्होंने शिक्षकों को ढांढस बंधाते हुए कहा कि किसी भी साथी को घबराने की आवश्यकता नहीं है, संगठन हर कदम पर आपके



साथ खड़ा है। धरना–प्रदर्शन में जनपद के सभी विकास खंडों के शिक्षक और शिक्षिकाएं सम्मिलित हुईं। इस अवसर पर मुख्य रूप से अनुराग मिश्र, लाल देवेन्द्र प्रताप सिंह, जितेन्द्र वर्मा, दिग्विजय सिंह, बलराम सिंह, अनिल वर्मा, शैलेन्द्र उमराव, आकाश कुमार सिंह, योगेन्द्र कुमार, अखिलेश त्रिपाठी सहित भारी संख्या में शिक्षक भाई–बहन उपस्थित रहे।

# मनरेगा बचाओ संग्राम पदयात्रा हेतु कांग्रेस ने कसी कमर

## -समीक्षा बैठक में बाटे गए उत्तरदायित्व

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। प्रस्तावित प्रदेश



व्यापी मनरेगा बचाओ संग्राम ग्रामीण मजदूर संवाद यात्रा के तहत कांग्रेस कार्यालय ज्वालागंज में जिला व शहर कांग्रेस के पदाधिकारियों ने यात्रा की सफलता हेतु एक समीक्षा बैठक आहूत की। बैठक में जिला अध्यक्ष महेश द्विवेदी व शहर अध्यक्ष आरिफ गुड्डा ने अपने सभी पदाधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपते हुए बताया कि यात्रा खागा तहसील के ग्राम त्रिलोचनपुर से शुरू होकर मार्ग में पड़ने वाले गांव कूरा, एलई आदि होते हुए खागा कस्बे में समाप्त होगी। जिला अध्यक्ष महेश द्विवेदी ने यह भी कहा कि पूरी यात्रा शांतिपूर्ण ढंग से ग्रामीण मजदूरों से मिलते हुए उन्हें जागरूक कर अपने अधिकारों की सुरक्षा का संदेश देगी जो कांग्रेस पार्टी की मनसा है। आहूत बैठक में शहर अध्यक्ष आरिफ गुड्डा ने भी यात्रा को बेहद शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न करने का पदाधिकारियों को निर्देश दिया। बैठक में उपाध्यक्ष कलीम उल्ला सिद्दीकी, पार्टी प्रवक्ता ई. देवी प्रकाश दुबे, पूर्व अध्यक्ष पप्पू पाल, कोऑर्डिनेटर आरिफ खान, राजीव लोचन निषाद, पंडित राम नरेश महराज, ओम प्रकाश कोरी, सुधीश पांडेय, मोहित मिश्रा, सैयद सहाब अली, निजामुद्दीन, कौशल कुमार शुक्ला, अजय बच्चा आदि लोग भी उपस्थित रहे।

# विजयीपुर पीएचसी में डाक्टर लिख रहे बाहर की दवाएं

न्यूज वाणी ब्यूरो

खागा/फतेहपुर। विजयीपुर पीएचसी में डाक्टरों की मनमानी से मरीजों की जेब ढीली पड़ रही है। मरीजों को बाहर की दवाएं लिखी जा रही है। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। हालांकि वायरल वीडियो की पुष्टि अपना अखबार नहीं करता है। विजयीपुर में स्थित पीएचसी में डाक्टरों की मनमानी का एक वीडियो पोल खोल रहा है। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा यह वीडियो सरकार के दावों की पोल खोल रहा है। वायरल वीडियो बीते दिन का बताया जा रहा है। काउंटर पर बैठा डाक्टर मरीजों को बाहर की दवाएं लिख रहा है। बाहर की दवाएं लिख कर मरीजों की जेब ढीली की जा रही है। मजबूरी में मरीज बाहर की दवाएं ले रहे हैं। लोग पैसों की तंगी को लेकर सरकारी अस्पताल में इलाज के लिए आते हैं। बावजूद इसके भी उन्हें बाहर की महंगी दवाएं लिखी जा रही है। पीएचसी में तैनात डाक्टर पीएचसी के अगल बगल स्थित मेडिकल स्टोर से महंगी दवाएं लेने की सलाह दी जा रही है। जो सरकार की दावों की पोल रहे हैं। दवा कराने आए कई मरीजों ने बताया कि अस्पताल में डाक्टर बाहर की दवा लिख देते हैं और बगल में ही स्थित मेडिकल स्टोर से दवा लेने की सलाह देते हैं। जहां अलग–अलग कम्पनी की नकली दवाओं का व्यापार धड़ल्ले से किया जाता है। कमीशनखोरी के चक्कर में डाक्टर मरीजों के जेब ढीली करने की साथ–साथ उनके सेहत से भी खिलवाड़ कर रहे हैं।

# नशेडी पुत्र ने किया मां पर जानलेवा हमला इलाज दौरान मौत

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। मलवां थाना क्षेत्र के ग्राम बरमतपुर में दो दिन पूर्व नशेडी पुत्र ने मां को राड से मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया था। जिसकी इलाज के दौरान कानपुर में मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार बरमतपुर गांव निवासी रामचन्द्र की पत्नी माया देवी 43 वर्ष का पुत्र अरविन्द कुमार ने 9 तारीख को नशे मे धुत होकर अपनी मां को मोटर साइकिल के सांकर वाले पाईप से ताबड़तोड़ में कई वार कर दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गयी। उपचार के लिए जिला चिकित्सालय लाया गया। जहां उसकी हालत गंभीर देख कानपुर मेडिकल कालेज के लिए रेफर कर दिया गया। जिसकी ईलाज के दौरान मंगलवार की सुबह मौत हो गयी। उधर परिजन व पडोसी शव लेकर गांव वापस आये और पुलिस को सूचना दे दी। जिस पर मौके में पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर विच्छेदन ग्रह भेज दिया। पोस्ट मार्टम हाउस में पडोसी देवर शिव भजन ने बताया कि अरविन्द कुमार नशे का आदी था और 9 तारीख को किसी बात को लेकर मां से नाराज हो गया और मोटर साइकिल के सांकर वाले पाईप से उसके ऊपर कई वार कर दिया। जिससे उसकी मां की इलाज के दौरान मौत हो गयी। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी पुत्र स्वयं थाने पहुंचकर आत्मसमर्पण कर दिया।

# रोड एक्सीडेंड में एक की मौत, एक गम्भीर रूप से घायल

न्यूज वाणी ब्यूरो/धाता। खखरेरू थाना क्षेत्र के रक्षपालपुर से कुछ दूरी पर धाता रोड में अपनी मोटरसाइकिल पैशन यू पी 71 आर 0140 से अतुल कुमार पुत्र राम नरेश उम्र लगभग 22 वर्ष निवासी अढौली धाता फतेहपुर व सौरभ कुमार पुत्र राम आसरे उम्र लगभग 24 वर्ष निवासी पचमई खखरेरू दोनों अढौली आ रहे थे तभी सामने से आ रहे ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दी जिससे दोनों को गम्भीर चोटें आई लोगो ने आनन फानन में एम्बुलेश को बुलवाकर धाता सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लाया गया जहां डाक्टरों ने सौरभ को मृत घोषित कर दिया और अतुल के दाहिने पैर की हड्डी टूट गई जिसका प्राथमिक उपचार करके जिला अस्पताल मंझनपुर के लिए रिफर कर दिया सौरभ के मृत्यु की सूचना पर घरवालों का रो रोकर बुरा हाल है।

# मेडिकल कॉलेज में नियम विरुद्ध नियुक्ति का आरोप, बिना रिक्ति के फार्मेसिस्ट को दी गई तैनाती

न्यूज वाणी ब्यूरो/फतेहपुर। जनपद स्थित राजकीय मेडिकल कॉलेज और जिला अस्पताल से नियमों की अनदेखी का एक सनसनीखेज मामला प्रकाश में आया है। आरोप है कि विभाग ने भर्ती प्रक्रिया के स्थापित मानदंडों को दरकिनार करते हुए एक रसूखदार व्यक्ति को पिछले दरवाजे से नियुक्ति प्रदान की है। इस मामले के सामने आने के बाद स्वास्थ्य विभाग की चयन प्रक्रिया और पारदर्शिता पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। मामले के केंद्र में एक फार्मासिस्ट की नियुक्ति है, जिसे लेकर चर्चा है कि वह प्रदेश के एक उपमुख्यमंत्री का कथित रिश्तेदार है। सूत्रों का दावा है कि करीब दो माह पूर्व जब जिले में फार्मासिस्ट के पदों के लिए कोई भी आधिकारिक विज्ञप्ति या विज्ञापन जारी नहीं हुआ था, तब भी उक्त व्यक्ति को गुपचुप तरीके से कार्यभार सौंप दिया गया था। अब इस अवैध नियुक्ति को वैध बनाने के लिए वर्तमान में जारी भर्ती प्रक्रिया के तहत उसे समायोजित करने की योजना बनाई जा रही है। नियुक्तियों के अलावा, मेडिकल कॉलेज और जिला अस्पताल के आंतरिक प्रशासन में भी भारी अनियमितताओं की शिकायतें मिल रही हैं। आरोप है कि रसूख और आपसी सांठगांठ के चलते कुछ चहेते चिकित्सकों को मनचाही तैनाती दी जा रही है। इतना ही नहीं, ड्यूटी से लगातार अनुपस्थित रहने वाले डॉक्टरों पर कार्रवाई करने के बजाय उन्हें महत्वपूर्ण विभागों का अतिरिक्त प्रभार सौंपा जा रहा है, जिससे अस्पताल की चिकित्सा व्यवस्था प्रभावित हो रही है। भ्रष्टाचार की परतें यहीं नहीं रुकतीं; एक स्थानीय चिकित्सक पर मरीजों से अवैध वसूली और साक्ष्य मिटाने के उद्देश्य से फर्जी रिपोर्ट तैयार करने के भी गंभीर आरोप लगाए गए हैं। अस्पताल के भीतर पनप रहे इस सिंडिकेट ने आम जनता के बीच प्रशासन की छवि को धूमिल किया है। जानकारों का मानना है कि यदि इस पूरे प्रकरण की शासन स्तर से निष्पक्ष जांच कराई जाए, तो कई बड़े अधिकारियों और कर्मचारियों की संलिप्तता उजागर हो सकती है। फिलहाल, इस पूरे मामले ने मेडिकल कॉलेज की कार्यप्रणाली को कठघरे में खड़ा कर दिया है। अब क्षेत्र की जनता और समाजसेवियों की नजरें इस बात पर टिकी हैं कि क्या शासन इस भ्रष्टाचार पर संज्ञान लेकर दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई करेगा, या सत्ता के संरक्षण में यह खेल इसी प्रकार चलता रहेगा।

# आचार्य कुलम द्वारा सामूहिक उपनयन संस्कार का भव्य आयोजन

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। सांस्.तिक और आध्यात्मिक चेतना को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आचार्य कुलम द्वारा सामूहिक उपनयन संस्कार का गरिमामयी आयोजन संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ आचार्य विनोद शुक्ला ने की, जहाँ वैदिक मंत्रोच्चार और पारंपरिक रीति–रिवाजों के



बीच बटुकों को जनेऊ धारण कराया गया। शुभारंभ प्रातः मंगल ध्वनि के साथ हुआ। संस्कार की प्रक्रिया क्षोरकर्म (मुंडन) से शुरू हुई, जिसके पश्चात आचार्य कुलम के विद्वान आचार्यों ने वैदिक ऋचाओं के साथ बटुकों का उपनयन संस्कार संपन्न कराया। इस अवसर पर संस्थान की ओर से सभी बटुकों को वर्ण सामग्री सहित आवश्यक पूजन किट उपलब्ध कराई गई। परंपरा का निर्वहन करते हुए सभी माताओं ने बटुकों को पहली भिक्षा प्रदान की। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में अशोक तपस्वी उपस्थित रहे। उनके साथ ही क्षेत्र के गणमान्य नागरिक जैसे डॉ. शिवप्रसाद त्रिपाठी, पंकज त्रिवेदी, बच्चा तिवारी, अनिल अग्निहोत्री, सुनील अग्निहोत्री, अंकित शुक्ला, और चंद्रधर मिश्रा एडवोकेट सहित गोरेलाल ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई। संस्कार को पूर्णता प्रदान करने में आचार्य सत्यानंद, जुगल किशोर, अशोक बाजपेई, रमन द्विवेदी, संतोष तिवारी और राज किशोर द्विवेदी जैसे विद्वानों ने अहम भूमिका निभाई। मातृशक्ति का प्रतिनिधित्व मंजू शुक्ला, गायत्री सिंह, अंजू त्रिपाठी और सुनीता अवस्थी ने किया।

स्वामी,प्रकाशक,मुद्रक, फतेहपुर किंग सेवा संस्थान के लिये नफीस अहमद जाफरी द्वारा जाफरी प्रिन्टर्स 170 महाजरी फतेहपुर उ0प्र0 से मुद्रित एंव प्रकाशित । सम्पादक नफीस अहमद जाफरी मो0 9451548620 R.N.I : UPHIN/ 2011/44792 (समस्त विवादो का न्याय क्षेत्र फतेहपुर )